





बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 20 अगस्त 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 204 | मूल्य - 5 रुपये














## न्यायाधीश की अदालत से हत्या के 100 मामले स्थानांतरित, चार माह में सुनाई थी 22 को फांसी की सजा..

**मुजफ्फरनगर, (भाषा)।**

***जिले के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविकुमार दिवाकर के समक्ष लंबित हत्या के करीब 100 मामले जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में स्थानांतरित कर दिए गए हैं।***

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की ओर से चार माह में 10 मामलों में 22 लोगों को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यह प्रशासनिक आदेश दिया गया है। शासकीय वकील कुलदीप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि न्यायाधीश दिवाकर की अध्यक्षता वाली त्वरित सुनवाई अदालत से ऐसे लंबित मामले जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार सिंह की अदालत में स्थानांतरित कर दिए गए हैं जिनमें मौत या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि न्यायाधीश दिवाकर की अदालत से मौत की सजा दिए जाने की आशंका को लेकर वकीलों और वादकारियों के बीच चिंता थी। उन्होंने कहा कि जिला न्यायाधीश ने मंगलवार को प्रशासनिक आदेश जारी कर इन मामलों को अपनी अदालत में वापस मंगाने का निर्णय लिया। पिछले चार महीनों में दिवाकर की अदालत ने 10 मामलों में फैसला सुनाया है, जिनमें कुल 22 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला : अदालत ने पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और 04 अन्य को न्यायिक हिरासत में भेजा..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और चार अन्य लोगों को तीन सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने जैन, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय और गैर सरकारी व्यक्तियों नागेंद्र यादव, राजा कुमार कुर्रा और पंकज वर्मा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।***

अदालत ने डीजेबी के पूर्व निविदा परामर्शदाता अंकित श्रीवास्तव को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा। यह मामला जैन के दिल्ली के जलमंत्री रहने के दौरान 'यूरोटेक एनवायर्नमेंटल प्राइवेट लिमिटेड' को दिए गए एक ठेके से संबंधित है। अदालत ने भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) के दावे का हवाला देते हुए कहा, ''जांच एजेंसी का आरोप है कि निविदा की शर्तों में हेर-फेर की गई थी, क्योंकि निविदा प्रक्रिया को जानबूझकर प्रौद्योगिकी केंद्रित बनाया गया था ताकि यूरोटेक एनवायर्नमेंटल प्राइवेट लिमिटेड को लाभ पहुंचाया जा सके।''

अदालत ने संज्ञान लिया कि शुरू में पायलट अध्ययन की योजना बनाई गई थी जो कभी नहीं की गई और निविदा प्रक्रिया को केवल एक आईएफएएस प्रौद्योगिकी तक ही सीमित रखा गया। अदालत ने कहा, ''आरोप है कि संदर्भ शर्तें तैयार करते समय, प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा देने के लिए ऑक्सीजन ट्रांसफर एफिशिएंसी को 4 किलोग्राम/किलोवाट घंटा से घटाकर 2 किलोग्राम / किलोवाट घंटा करने का प्रस्ताव डीजेबी के सीईओ (उदित प्रकाश) और जल मंत्री (सत्येंद्र जैन) ने ठुकरा दिया था।''

अदालत ने एसीबी के दावों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि ज़्यादातर बोली लगाने वालों के प्रक्रिया से बाहर हो जाने के बाद, एक शुद्धिपत्र के जरिए निविदा की प्रतिबंधात्मक शर्त को हटा दिया गया था। इसमें कहा गया, ''जांच एजेंसी की दलील है कि राष्ट्रीय हरित अभिकरण और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जल गुणवत्ता से जुड़े ज़रूरी मानकों में ढील दी गई थी। खासकर तीन अहम पैमानों पीएच, रसायनिक ऑक्सीजन मांग और कुल नाइट्रेट को बिना किसी ठोस वजह के हटा दिया गया था। इससे परियोजना देने वाली कंपनी की लागत तो कम हुई, लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा।'' अदालत ने कहा कि जैन ने कथित तौर पर बिना किसी तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन के रोहिणी मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की क्षमता को 1.5 करोड़ गैलन प्रति दिन से बढ़ाकर 3.0 करोड़ गैलन प्रति दिन कर दिया, जिससे लागत में लगभग 123 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।



इसमें एसीबी के उस आरोप का भी ज़िक्र किया गया जिसमें कहा गया है कि कमीशन को बिचौलियों के जरिए अलग-अलग आरोपियों के बैंक खातों में भेजा गया था। अदालत ने रेखांकित किया कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 10 एसटीपी को बेहतर और उन्नयन करने के लिए ठेके देने में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के संबंध में सतर्कता निदेशालय के 10 मई, 2024 की सिफारिश के बाद यह मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने कहा, ''इन 10 एसटीपी को चार चरणों में बांटा गया था, जिनका कुल निविदा मूल्य लगभग 1,943 करोड़ रुपये था। 11 मई 2024 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।'' फैसले में जैन के बचाव में पेश की गई दलीलों का भी उल्लेख किया गया। दलील दी गई कि एक मंत्री के तौर जैन किसी खास विषय के विशेषज्ञ नहीं थे और उन्होंने केवल डीजेबी अधिकारियों (जिनमें अभियंता भी शामिल थे) की तकनीकी सिफारिशों और नोटिंग पर भरोसा किया था, इसलिए उनके फैसलों में कोई कमी नहीं निकाली जा सकती।

अदालत ने कहा, ''उनका कहना है कि एसीबी या सतर्कता निदेशालय में से किसी ने भी ऐसी कोई रिश्वत, कमीशन या अपराध से मिली रकम का पता नहीं लगाया है जो सीधे उनसे जुड़ी हो, और उनकी हिरासत पूरी तरह से गलत है। उनकी दलील है कि मई 2022 में किसी दूसरे मामले में हिरासत में लिए जाने के बाद हुए वाणिज्यिक ठेके और निविदा के लिए बातचीत के लिए उन्हें ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने 2024 में हुई रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के बाद से अपनी खराब सेहत का भी ज़िक्र किया है।'' अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी के आधार सभी छह आरोपियों और उनके रिश्तेदारों को लिखित रूप में बताए गए थे। इसी के साथ अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि गिरफ्तारी के कारणों का उल्लेख दस्तावेज के अंत में ही किया गया था। अदालत ने कहा, ''यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस मामले में साज़िश के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (सरकारी कर्मचारी द्वारा विश्वास का आपराधिक उल्लंघन) भी लगाई गई है, और इसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास तक हो सकती है। इसलिए, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 (वे स्थितियां जिनमें पुलिस बिना वारंट के गिरफ़्तार कर सकती है) के उल्लंघन के बारे में आरोपियों की दलील शायद टिक न पाए।'' अदालत ने पांचों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने की एसीबी की अर्जी मंजूर करते हुए कहा, ''पुलिस फ़ाइल और दोनों पक्षों की दलीलों को देखने के बाद, इस चरण में प्रथम दृष्टया यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी गैर कानूनी या अनुचित है।'' हालांकि, अदालत ने आरोपियों की ज़मानत याचिका पर एसीबी को भी नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा, ''इन जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया जा रहा है। जब इन याचिकाओं पर जवाब मिल जाएंगे, तो उन पर उचित रूप से विचार किया जाएगा।'' श्रीवास्तव से हिरासत में पूछताछ के बारे में अदालत ने कहा कि निष्पक्ष जांच और उनके मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए यह उचित और आवश्यक है, क्योंकि वह फोन सबूत का एक अहम हिस्सा हो सकता है।

## बस और ट्रक की टक्कर में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत, 31 घायल

**नासिक, (भाषा)।** महाराष्ट्र के नासिक जिले की मालेगांव तहसील में बुधवार सुबह राज्य परिवहन (एसटी) की एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो बुजुर्ग महिलाओं जलगांव निवासी इरशाद शेख रमजान (60) और सखूबाई पिरान माली (79) की मौत हो गई और 31 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब पौने दस बजे चालीसगांव-मालेगांव रोड पर बोधे फाटा के पास हुआ। लगभग 50 यात्रियों को लेकर मालेगांव से पाचोरा जा रही बस की सामने से आ रहे एक ट्रक से भिड़ंत हो गई। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और प्रभाव के कारण ट्रक सड़क किनारे पलट गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा बस चालक द्वारा एक अन्य वाहन से आगे निकलने के प्रयास के दौरान हुआ। मालेगांव तहसील के पुलिस थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।












## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*


## जांच के लिए हवाई जहाज से दिल्ली जाने पर 08 पुलिसकर्मी निलंबित..




**कोरबा, (भाषा)।**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली जाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से ट्रेन से यात्रा की मंजूरी मिलने के बावजूद कथित तौर पर विमान से यात्रा करने पर एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक समेत आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि आठ पुलिसकर्मियों का एक दल पिछले माह दिल्ली गया था। यह दल अदालत के आदेश पर कटघोरा थाने में दर्ज एक कारोबारी विवाद के मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली गया था। उन्होंने बताया कि दल को ट्रेन से यात्रा करने की मंजूरी दी गई थी, लेकिन पुलिसकर्मी ट्रेन के बजाय विमान से दिल्ली गए। तिवारी ने बताया कि बाद में मामला सामने आने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफअनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। जब उनसे पूछा गया कि क्या दल ने मामले के शिकायतकर्ता गौरव मोदी से विमान के टिकट के लिए धन लिया था तो अधिकारी ने कहा कि टिकट का इंतजाम किस तरह किया गया था, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कटघोरा थाना प्रभारी मोती पटेल, उप निरीक्षक राम पांडे, प्रधान आरक्षक गुनाराम सिन्हा, गोपाल यादव और राजेश कंवर, आरक्षक प्रदीप राठौर, साइबर प्रकोष्ठ के आरक्षक सुशील यादव और कोरबा रिजर्व केंद्र के आरक्षक प्रशांत सिंह को निलंबित किया गया है। एक अन्य मामले में कटघोरा थाने के चार पुलिसकर्मियों को 17 अगस्त को निलंबित किया गया था जिसमें थाना प्रभारी पटेल भी शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने कबाड़ की संदिग्ध अवैध खेप ले जा रहे एक ट्रक को जब्त करने के बाद भी उसके खिलाफकोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंचकर भाजपा सरकार देश में संगठित लूट कर रही है - विधायक मधु भगत





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बैहर विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी और बैगा बाहुल्य गांवों में बीमारी फैलने से करीब 20 बच्चों की मौत, चांवल घोटाला और डबल मनी मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन प्रभारी अनुप सिंह बैस के संयोजन में आज 19 अगस्त को कालीपुतली चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने स्वास्थ्य सुविधाओं***

की कमी, दूषित पेयजल, कुपोषण और प्रशासनिक लापरवाही को बच्चों की मौत का प्रमुख कारण बताते हुए सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बैहर विधायक संजय उईके ने किया। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हीना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद बोध सिंह, पूर्व विधायक तामलाल सहारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और विभिन्न ब्लॉक इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने भी धरने में भाग लिया।

## बोले संजय उईके..

विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने कहा कि बैहर क्षेत्र में बच्चों की मौत को चिंता का विषय है। आदिवासी और बैगा बाहुल्य गांवों में समय रहते स्वास्थ्य सर्वे, उपचार और रोकथाम की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। दूषित पेयजल, कुपोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर विधायक उईके ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उईके ने कहा कि भाजपा आदिवासीयों के महापुरुषों की सिर्फ जयंती मनाना जानती है, और सिर्फ ऐसा दिखाकर ही आदिवासीयों को सम्मान देने की बात करती है, लेकिन मध्यप्रदेश में आदिवासीयों के लिये उनके क्षेत्रों में काम करने की बारी आती है, तो आदिवासीयों के अधिकार की राशि सरकार अन्य क्षेत्रों में खर्च कर देती है। जमीनी स्तर पर गरीब, किसान और आदिवासी पुरे मध्यप्रदेश और पुरे भारत देश में परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन पर भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

## बोले विधायक मधु भगत..

विधायक मधु भगत ने कहा कि पुरे प्रदेश में भाजपा के नेता संगठित लूट में लगे हुए हैं। जिले में दोगुना पैसा देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी के मामले में भाजपा के नेताओं के नाम सामने आए, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। ठगी के शिकार लोग अब भी न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन पुलिस उनसे उल्टे सीधे सवाल कर रही है। चरेगांव में अवैध वसूली में भाजपा नेता की लिप्तता सामने आई, आदिवासी क्षेत्रों में वन्य प्राणी बाघ के हमले से मौतें हो रही है, लेकिन कहीं कोई उपाय सरकार नहीं कर पा रही है, क्योंकि सरकार का ध्यान सिर्फ संगठित लूट पर है।

## बोली पूर्व विधायक हिना कावरे..

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हीना कावरे ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गरीब और आम जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हिना कावरे ने कहा कि किसानों से 3100 रुपये समर्थन मूल्य का वादा सरकार पूरा करने तैयार नहीं है। किसानों को समय पर उपज खरीदी, उचित समर्थन मूल्य और मंडी व्यवस्था का लाभ नहीं मिल रहा है।

हिना कावरे ने कहा कि चांवल घोटाला और एथेनॉल प्लांट को सप्लाई किये गए चांवल मामले में भी करोड़ों की लूट साफ दिखाई दे रही है। छोटे राईस मिलर्स पर तो पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की, लेकिन असली गुनाहगार तो साफ तौर पर सरकार के आला अधिकारी और खुद सरकार में बैठे नेता है। हिना कावरे ने राम मंदिर चंदा चोरी, अच्छे दिन का वादा, विदेशों से काला धन वापसी लाने संहित तमाम मामलों में भाजपा की सरकार पर प्रहार किये, और कहा कि सत्ता और धन का दुरुपयोग करके मोदी सरकार भारत में तानशाह सरकार बनकर बैठी है।

## बोले सम्राट सिंह सरसवार..

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने कहा कि मैं स्वयं आदिवासी अंचलों में पहुंचा, वहां जाकर देखा कि अब सरकार वहां पर काम करने का दिखावा कर रही है, लेकिन वास्तव में आदिवासी क्षेत्रों के बीमारी से प्रभावित गांवों में डॉक्टर, दवाइयों और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। उन्होंने बैहर क्षेत्र के लिए विशेष स्वास्थ्य पैकेज घोषित करने की मांग की।

## इन्होंने भी किया संबोधित..

कांग्रेस के धरना प्रदर्शन आंदोलन को विधायक अनुभा मुंजारे, अनुप सिंह बैस, श्याम पंजवानी, जुगल शर्मा, उम्मेद लिल्हारे, रहीम खान संहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया और ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्यवाही की मांग की। धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बैहर क्षेत्र में फैली बीमारी और बच्चों की मौत की निष्पक्ष जांच, मृतकों के परिजनों को मुआवजा, प्रभावित गांवों में विशेष स्वास्थ्य अभियान, शुद्ध पेयजल और पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके साथ ही राशन वितरण में अनियमितताओं तथा डबल मनी ठगी के मामलों में दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग भी रखी गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जीतु बर्वे, निर्मल सोनी, पन्ना शर्मा, छबीराम नागेश्वर, शफकत खान, जावेद अली, दिनेश धुर्वे, रामसिंग भाटिया, धर्मेन्द्र बोपचे, राजेश ठाकुर, शमीम सिद्दीकी, नरेश कटारिया, युसुफ पटेल, सुशील पालीवाल, दलसिंह पन्द्रे, मकसूद खान संहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# राजीव गांधी जयंती पर बालाघाट में सद्भावना मार्च का आयोजन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के दिशा-निर्देशानुसार बालाघाट जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को जिला स्तरीय 'सद्भावना मार्च' का आयोजन किया जाएगा।***

कार्यक्रम के तहत दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांग छात्रावास तक सद्भावना मार्च निकाला जाएगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। जिला कांग्रेस सेवा दल की ओर से सभी कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई है।

**कार्यक्रम के आयोजक एवं निवेदक जीतू बर्वे, जिला अध्यक्ष, सेवा दल कांग्रेस, बालाघाट ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का आह्वान किया है।**

# आईटीआई बालाघाट के पूर्व प्रशिक्षणार्थी शिवम विश्वकर्मा का असिस्टेंट लोको पायलट पद पर चयन

### साउथ सेंट्रल रेलवे के हैदराबाद डिवीजन में मिली नियुक्ति, आईटीआई परिवार ने दी बधाई..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), बालाघाट के पूर्व प्रशिक्षणार्थी श्री शिवम विश्वकर्मा का असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर चयन एवं नियुक्ति हुई है। शिवम विश्वकर्मा, पिता श्री दीपक विश्वकर्मा, ने आईटीआई बालाघाट से प्रशिक्षण सत्र 2016 -2018 में टर्नर ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया था।***

शिवम विश्वकर्मा का चयन साउथ सेंट्रल रेलवे हैदराबाद डिवीजन में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट की प्राचार्य श्रीमती सपना रहांगडाले एवं समस्त आईटीआई परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्था परिवार ने कहा कि शिवम की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, समर्पण और आईटीआई में प्राप्त तकनीकी प्रशिक्षण का उत्कृष्ट परिणाम है। उनकी उपलब्धि से शासकीय आईटीआई बालाघाट का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। आईटीआई परिवार ने शिवम विश्वकर्मा के उज्ज्वल भविष्य, सफल सेवाकाल एवं निरंतर प्रगति की मंगलकामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संस्था और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### लाड़ली बहना योजना की 39वीं किश्त जारी

# बहनो को मिली रक्षाबंधन के उपहार में 250-250 रुपए की अतिरिक्त राशि..

### बालाघाट की 3.45 लाख बहनों के खातों में पहुंचे 58.76 करोड़ रुपये..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 19 अगस्त को मैहर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी कर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 2148 करोड़ 30 लाख रुपये अंतरित की।***

इस अवसर पर बालाघाट जिले की 3 लाख 45 हजार 367 लाड़ली बहनों के खातों में 50 करोड़ 12 लाख 95 हजार 900 रुपये की राशि पहुंची। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1750-1750 रुपये जमा किए गए। इसमें 250 रुपए की राशि रक्षाबंधन के उपहार के रूप में प्रत्येक लाडली बहना को दी गई है। इस तरह बालाघाट जिले की बहनों के खातो में रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप 08 करोड 63 लाख 41 हजार 750 रुपए की अतिरिक्त राशि अंतरित की गई है। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम देखा और योजना की राशि प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## विकासखंडवार लाभार्थी एवं अंतरित राशि

ग्रामीण क्षेत्रों में बैहर की 19,453 बहनों के खातों में 2 करोड़ 82 लाख 49 हजार 500 रुपये, बालाघाट की 37,394 बहनों को 5 करोड़ 42 लाख 24 हजार 700 रुपये, बिरसा की 26,972 बहनों को 03 करोड़ 94 लाख 25 हजार रुपये, कटंगी की 34,688 बहनों को 5 करोड़ 37 लाख 26 हजार रुपये, खैरलांजी की 31,302 बहनों को 4 करोड़ 56 लाख 91 हजार 500 रुपये, किरनापुर की 38,405 बहनों को 5 करोड़ 62 लाख 16 हजार 700 रुपये, लालबर्रा की 37,256 बहनों को 5 करोड़ 41 लाख 84 हजार रुपये, लांजी की 38,212 बहनों को 5 करोड़ 59 लाख 20 हजार 700 रुपये, परसवाड़ा की 22,154 बहनों को 3 करोड़ 20 लाख 70 हजार 800 रुपये तथा वारासिवनी की 32,933 बहनों के खातों में 4 करोड़ 78 लाख 16 हजार रुपये अंतरित किए गए।

## नगरीय क्षेत्रों में भी पहुंची राशि

नगरीय निकायों में नगर पालिका बालाघाट की 8,816 बहनों को 1 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5,826 बहनों को 83 लाख 56 हजार रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3,756 बहनों को 53 लाख 94 हजार रुपये, नगर परिषद बैहर की 2,654 बहनों को 37 लाख 57 हजार 200 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2,412 बहनों को 34 लाख 98 हजार रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2,385 बहनों को 34 लाख 29 हजार 200 रुपये की राशि प्राप्त हुई।

## जून 2023 से अब तक 1747 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता

जून 2023 में योजना प्रारंभ होने से लेकर 19 अगस्त 2026 तक बालाघाट जिले की 03 लाख 45 हजार 367 से अधिक लाड़ली बहनों को 1747 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान की है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बाल विकास परियोजना के अधिकारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।

### महामारी प्रभावित बिरसा के आदिवासी ग्रामों में पहुंचकर

# जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने देखी स्वास्थ्य सेवाएं, कमियों पर जमकर की नाराजगी व्याप्त..

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंघे, जुगल शर्मा और सरपंच तातु सिंह धुर्वे भी रहे साथ..



जगप्रेरणा बालाघाट।

बैहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महामारी से प्रभावित गांवों की स्थिति जानने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सारस्वार ने क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुगे पूर्व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जुगल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मंसाराम मरावी, सरपंच तातू सिंह धुर्वे, लालबर्रा ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र धांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। दौरे के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र बिठली, ग्राम कुंडकशद्य, ग्राम भंडारी और ग्राम एडोरी सहित प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवारों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी देखी। मौके पर यह सामने आया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की आशा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ प्रभावित क्षेत्र में काम कर रही हैं। पीड़ित लोगों का उपचार स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में किया जा रहा है और जरूरतमंद परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास जारी है, लेकिन वे नाकाफी है।

## जागरूकता की कमी बनी बड़ी चुनौती

दौरे के दौरान यह बात भी सामने आई कि प्रभावित क्षेत्र में लोगों के बीच स्वास्थ्य एवं महामारी से बचाव को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। विशेषकर बैगा जनजाति के लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और बचाव के उपायों को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत महसूस की गई। वहीं, पुलिस विभाग द्वारा विशेष सहयोगी दल गठित कर स्थानीय लोगों की टीम के साथ घर-घर पहुंचकर प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की यह संयुक्त पहल मौके पर लोगों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

## समय रहते सरकार करती पहल तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता, रोकथाम और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए जाते तो महामारी जैसी स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता था। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ जागरूकता अभियान को भी प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है।

दौरे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सारस्वार ने संबंधित विभागों की जमीनी सक्रियता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित गांवों में निरंतर स्वास्थ्य शिविर, घर-घर सर्वे और जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि स्थिति को और गंभीर होने से पहले नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता के साथ यदि जनजागरूकता को भी गति दी जाए, तो प्रभावित क्षेत्र के लोगों को इस संकट से जल्द राहत दिलाई जा सकती है।

## संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर बालाघाट में गूंजेगा समरसता का संदेश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश में उनके जीवन दर्शन तथा समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय, एवं***

मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्यं से श्री गुरू रविदास महाराज समसरता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 20 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक चलेगा। जिले में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा÷ का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से संत रविदास महाराज के समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 20 अगस्त, गुरुवार को बालाघाट में कलश वंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन माता सावित्री फुले कन्या छात्रावास, बालाघाट में दोपहर 12 बजे से होगा और इसी स्थान से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा।

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101

3 गुरूवार 20 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सिवनी शहर के कलाकारों ने अष्टधातु के कबाड़ का इस्तेमाल करके तैयार की भगवान शिव की एक मूर्ति..



जगप्रेरणा सिवनी।

*सिवनी शहर के कलाकारों ने अष्टधातु के कबाड़ का इस्तेमाल करके भगवान शिव की एक मूर्ति तैयार की है। करीब 5 क्विंटल वजनी यह मूर्ति मठ मंदिर परिसर में लगाई गई है, जिसे देखने और दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।*

इस मूर्ति को मुख्य कलाकार विक्की कश्यप और उनकी मित्र मंडली ने बनाया है। इसे तैयार करने में लगभग 3 महीने का समय लगा। मूर्ति को बनाने में लोहे और स्टील के स्क्रैप के साथ अष्टधातु के अलग-अलग टुकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। टीम ने बेकार समझे जाने वाले सामान को एक सुंदर रूप दे दिया है।

### कारीगरी में झलकीं कई बारीकियां..

मूर्ति में कई अनोखी बातें हैं। भगवान शिव के माथे पर सोने और चांदी का तिलक लगाया गया है। उनके हाथ जस्ता और रांगा से बने हैं। महादेव की जटाओं में तांबे और पीतल के लोटे और स्नान पात्र का इस्तेमाल हुआ है। लोहे और स्टील के हिस्सों को वेल्डिंग, स्क्रू और नट-बोल्ट से मजबूती से जोड़ा गया है।

### 12 से 15 लोगों की टीम ने किया काम..

कलाकारों के मुताबिक मूर्ति के लिए धातु के टुकड़े स्थानीय दुकानदारों की मदद से जुटाए गए। इस कलाकृति को बनाने में 12 से 15 लोगों की टीम ने काम किया। इसमें विक्की कश्यप के साथ रोहित रघुवंशी, लक्की डेहरिया, राहुल रघुवंशी, आयुष यादव, यश बघेल, अनिकेत कश्यप, शिव कश्यप, कपिर्तन कश्यप, रौनक ठाकुर, आर्यन शुक्ला, श्लोक पटवा और सनी कश्यप का खास योगदान रहा।

# धनौरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय की मांग को लेकर GSU ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### राज्यपाल व शिक्षा मंत्री से लगाई गुहार..


### 12वीं के बाद 50-60 किमी दूर जाने को मजबूर छात्र-छात्राएं, समय रहते मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी..

जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।

*आदिवासी बाहुल्य विकासखंड धनौरा में उच्च शिक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया (GSU) ने मोर्चा खोल दिया है।*

बुधवार, 19 अगस्त को GSU के ब्लॉक पदाधिकारियों व छात्र प्रतिनिधियों ने तहसीलदार महोदय को महामहिम राज्यपाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।





### 50-60 किमी दूर जाने से शिक्षा से वंचित हो रहे गरीब व आदिवासी छात्र:

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि धनौरा विकासखंड शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है और आज दिनांक तक पूरे ब्लॉक में एक भी शासकीय महाविद्यालय नहीं है। प्रतिवर्ष 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए 50 से 60 किलोमीटर दूर अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक तंगी और दूरी के कारण विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ग्रामीण गरीब परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जो संविधान प्रदत्त अवसरों की समानता और शिक्षा के अधिकार का हनन है।

### जीएसयू द्वारा रखी गईं प्रमुख मांगें..

1. ब्लॉक धनौरा में तत्काल नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाए। 2. कॉलेज में प्रारंभ से ही बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एलएलबी, डीएलएड सहित अन्य महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। 3. कॉलेज के लिए स्थाई भवन, सुसज्जित पुस्तकालय एवं खेल मैदान की समुचित व्यवस्था हो। 4. योग्य शिक्षकों की नियमित नियुक्ति हो और सभी विषयों की परीक्षाएं स्थानीय स्तर पर आयोजित कराई जाएं। 5. छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, छात्रवृत्ति एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

### मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी:

छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस गंभीर मांग पर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्र-युवा सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय GSU ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक सचिव सहित अन्य छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आज धनौरा में गरजेगी छात्र-युवा शक्ति: कॉलेज व खेल मैदान की मांग को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन..


### 10 दिन के अल्टीमेटम के बाद आंदोलन का ऐलान..

### रेस्ट हाउस में दोपहर 2 बजे जुटेंगे युवा, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा जाएगा मांग पत्र..

जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।

*आदिवासी बाहुल्य विकासखंड धनौरा में उच्च शिक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय और युवाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान (स्टेडियम) की वर्षों पुरानी मांग को लेकर आज क्षेत्र* की छात्र और युवा शक्ति एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई का शंखनाद करने जा रही है।

'समस्त छात्र शक्ति एवं युवा शक्ति' के बैनर तले आज, 20 अगस्त को दोपहर ठीक 2:00 बजे धनौरा रेस्ट हाउस (विश्राम गृह) में एक विशाल जुटान का आह्वान किया गया है, जहां से युवा एकत्रित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपेंगे।




### शिक्षा और खेल अधिकारों के लिए एकजुटता की अपील:

छात्र प्रतिनिधियों ने विकासखंड की सभी 47 ग्राम पंचायतों और 114 गांवों के समस्त छात्र-छात्राओं, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे आज दोपहर 2 बजे अधिक से अधिक संख्या में रेस्ट हाउस धनौरा पहुंचकर इस मुहिम को मजबूती प्रदान करें। युवाओं का कहना है कि जिले के अन्य सभी 7 ब्लॉकों में कॉलेज की सुविधा उपलब्ध है, जबकि धनौरा के गरीब और आदिवासी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए 50-60 किमी दूर भटकना पड़ रहा है। वहीं खेल मैदान के अभाव में क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाएं भी दम तोड़ रही हैं।

### 8 से 10 दिन का अल्टीमेटम, फिर शांतिपूर्ण व अनुशासित आंदोलन:

ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन को 8 से 10 दिन की समय-सीमा का अल्टीमेटम दिया जाएगा। युवा शक्ति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तय समय-सीमा के भीतर धनौरा में शासकीय महाविद्यालय और खेल मैदान की स्वीकृति को लेकर कोई ठोस प्रशासनिक कदम नहीं उठाया गया, तो संपूर्ण विकासखंड की छात्र-युवा शक्ति लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण, अनुशासित लेकिन उग्र जन-आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जवाबदेही शासन-प्रशासन की रहेगी।

# यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर की समय-सारणी में बदलाव..

### गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ाङ्क मंडलाफोर्ट पैसेंजर की संशोधित समय-सारणी 22 अगस्त 2026 से लागू..

जगप्रेरणा सिवनी।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ाङ्कमंडलाफोर्ट पैसेंजर के परिचालन समय में संशोधन किया गया है। यह संशोधित समय-सारणी 22 अगस्त 2026 से प्रभावी होगी।

### संशोधित समय- सारणी..

संशोधित समय के अनुसार गाड़ी संख्या 58823 अपने प्रारंभिक स्टेशन छिंदवाड़ा से 07:15 बजे रवाना होकर घाटपरासिया हॉल्ट आगमन 07:25 बजे प्रस्थान 07:26 बजे, उमरिया इसरा हॉल्ट आगमन 07:30 बजे प्रस्थान 07:31 बजे, झिलमिली आगमन 07:37 बजे प्रस्थान 07:39 बजे, मरकाहांडी हॉल्ट आगमन 07:45 बजे प्रस्थान 07:46 बजे, चौरई आगमन 07:55 बजे प्रस्थान 07:57 बजे, कपूरधा हॉल्ट आगमन 08:03 बजे प्रस्थान 08:04 बजे, समसवाड़ा हॉल्ट आगमन 08:08 बजे प्रस्थान 08:09 बजे, पिपरडाही आगमन 08:18 बजे प्रस्थान 08:20 बजे, मातृधाम हॉल्ट आगमन 08:29 बजे प्रस्थान 08:30 बजे, सिवनी स्टेशन आगमन 08:45 बजे प्रस्थान 08:50 बजे, भोमा आगमन 09:11 बजे प्रस्थान 09:13 बजे, कान्हीवाड़ा हॉल्ट आगमन 09:19 बजे प्रस्थान 09:20 बजे, जुर्तरा हॉल्ट आगमन 09:25 बजे प्रस्थान 09:26 बजे, पलारी आगमन 09:33 बजे प्रस्थान 09:35 बजे, खैरी हॉल्ट आगमन 09:43 बजे प्रस्थान 09:44 बजे, केवलारी आगमन 09:51 बजे प्रस्थान 09:53 बजे, बोथिया आगमन 09:58 बजे प्रस्थान 09:59 बजे, गंगाटोला हॉल्ट आगमन 10:04 बजे प्रस्थान 10:05 बजे, खैररांजी हॉल्ट आगमन 10:11 बजे प्रस्थान 10:12 बजे, नैनपुर जंक्शन आगमन 11:20 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, धतूरा अलीपुर हॉल्ट आगमन 11:37 बजे प्रस्थान 11:38 बजे, जामगांव हॉल्ट आगमन 11:42 बजे प्रस्थान 11:43 बजे, रामपुरी हॉल्ट आगमन 11:49 बजे प्रस्थान 11:50 बजे, चिरईडोंगरी आगमन 11:55 बजे प्रस्थान 11:57 बजे, सिमरिया कजरवाड़ा हॉल्ट आगमन 12:03 बजे प्रस्थान 12:04 बजे, बम्हनी बंजर हॉल्ट आगमन 12:10 बजे प्रस्थान 12:11 बजे, लिमरुआ हॉल्ट आगमन 12:17 बजे प्रस्थान 12:18 बजे एवं मंडला फोर्ट स्टेशन पर 12:30 बजे पहुंचेगी।

इस प्रकार संशोधित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा से 07:15 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों एवं हॉल्ट पर निर्धारित ठहराव के बाद 12:30 बजे मंडला फोर्ट पहुंचेगी। इस प्रकार गाड़ी संख्या 11202 शहडोल नागपुर एक्सप्रेस से जबलपुर से नैनपुर जंक्शन आकर यात्री को मंडला फोर्ट जाने के लिए इस पैसेंजर से यात्रा किया जा सकता है7

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे 22 अगस्त 2026 से संशोधित समय-सारणी का ध्यान रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं तथा निर्धारित समय से पूर्व संबंधित स्टेशन पर पहुंचें।

# देश की ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक विकास को मजबूती देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि..

### पिछले वर्ष की तुलना में 4 दिन पहले हासिल किया 100 मिलियन टन का आंकड़ा..

### माल परिवहन के साथ यात्री सुविधाओं के विस्तार पर भी विशेष जोर..

जगप्रेरणा सिवनी।

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 18 अगस्त 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 4 दिन पहले हासिल हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 22 अगस्त 2025 को प्राप्त हुआ था।*

18 अगस्त 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 100.125 मिलियन टन प्रारंभिक माल लदान किया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 97.673 मिलियन टन माल लदान हुआ था। इस प्रकार 2.452 मिलियन टन अर्थात 2.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

माल लदान के साथ राजस्व में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है। इस अवधि में 12,023.6 रू. करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 11,824.2 रू. करोड़ की तुलना में 199.4 रू. करोड़ अर्थात 1.69 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में 26,535 रेक लोड किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.59 प्रतिशत अधिक हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के माध्यम से कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट सहित विभिन्न आवश्यक संसाधनों का परिवहन देश के अलग-अलग हिस्सों तक किया जाता है। इस प्रकार रेलवे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं, आधारभूत संरचना के विकास और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### यात्री सेवाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान..

माल परिवहन के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्री सेवाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रियों की बढ़ती मांग तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं अन्य विशेष अवसरों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक 48 स्पेशल ट्रेनों के कुल 140 फेरे संचालित किए गए हैं। ग्रीष्मकालीन अवधि में समर स्पेशल, रथ यात्रा के अवसर पर रथ यात्रा स्पेशल तथा वर्तमान में श्रावण मास के दौरान श्रावणी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों से यात्रियों को अतिरिक्त कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ-साथ नियमित ट्रेनों पर यात्री दबाव को कम करने और भीड़ को सुगम एवं व्यवस्थित तरीके से संभालने में सहायता मिली है।

### बेहतर आधारभूत संरचना से बढ़ी परिवहन क्षमता..

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में दोहरीकरण, तीसरी एवं चौथी रेल लाइन, यार्ड रिमॉडलिंग, आधुनिक सिग्नलिंग तथा अन्य क्षमता वृद्धि कार्यों के माध्यम से रेल परिवहन क्षमता को लगातार बढ़ाया जा रहा है। इससे माल एवं यात्री ट्रेनों के परिचालन में गति और दक्षता बढ़ी है। माल लदान में 100 मिलियन टन की उपलब्धि और यात्री सुविधाओं के लिए स्पेशल ट्रेनों का निरंतर परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बेहतर परिचालन योजना, आधारभूत संरचना के विकास और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इसी प्रतिबद्धता के साथ देश की ऊर्जा एवं संसाधन आवश्यकताओं की पूर्ति, आमजन को बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने और राष्ट्र की विकास यात्रा में अपने योगदान को निरंतर मजबूत करने के लिए प्रयासरत है।

# कमरे में फंदे से झूलता मिला युवक का शव..

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र स्थित पलारी गांव में बुधवार सुबह एक 19 वर्षीय युवक का शव उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।*

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पलारी निवासी लक्ष्य बिसेन (19) पिता नारायण बिसेन बुधवार सुबह अपने कमरे में अकेला था। काफी समय तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने जब अंदर देखा, तो लक्ष्य का शव फंदे पर लटका हुआ था।

### 12वीं में पढ़ता था मृतक, कारण अज्ञात..

मृतक 12वीं कक्षा का छात्र था। उसने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों और कारणों के चलते उठाया, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। डूंडा सिवनी थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

डूंडा सिवनी थाना के एसआई सदानंद गोदेवार ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# राष्ट्रीय कवि मुकेश मनमौजी को नागपुर में किया गया सम्मानित



जगप्रेरणा छपारा।

छपारा जैसे छोटे से कस्बे से निकल हास्य व्यंग कवि के रुप में पूरे देश में पहचान बनाने वाले हास्य व्यंग कवि मुकेश मनमौजी को 18अगस्त की शाम नागपुर में आयोजित कवि आनंद अमन के तीन काव्य संग्रहों के विमोचन अवसर पर नागपुर की ख्याति लब्ध साहित्यिक संस्था अक्षर आनंद द्वारा साहित्य पुरोधा जीवन गौरव सम्मान प्रदान किया गया इस अवसर पर नागपुर के वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति विशेष रही मुकेश मनमौजी को अनेकों सम्मान प्राप्त हुए हैं लेकिन यह सम्मान जो नागपुर में प्राप्त हुआ सभी प्राप्त सम्मान में विशेष महत्व रखता है। मुकेश मनमौजी ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया है। सम्मान पश्चात मुकेश मनमौजी की कविताओं का खूब आनंद श्रोताओं ने उठाया। 1985से सतत् काव्य यात्रा कर रहे मुकेश मनमौजी छपारा को गौरवान्वित कर रहे हैं इस उपलब्धि का श्रेय छपारा वासियों का ही आशीर्वाद और स्नेह बताते हैं।

# कान्हीवाड़ा से दिघोरी धाम तक निकली कावड़ यात्रा



जगप्रेरणा कन्हीवाड़ा।

*बीते तीन वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन के तृतीय सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी की असीम कृपा से कान्हीवाड़ा के* युवकों द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकाली जो कान्हीवाड़ा सागर नदी का पवित्र जल लेकर नदी तट पर स्तिथ शिव मंदिर में विधि अनुसार पूजन पाठ कर भोले नाथ को जल अर्पित कर सुबह 7:30 बजे यह यात्रा प्रारंभ हुई जो बम्हनी, मलांजपुर, जठलापुर, मुंडरई, कुडो, बम्हेड़ी, बलारपुर, राहीवारा होते दिघोरी धाम 3 बजे के लगभग पहुंचे जहां पूज्य शंकराचार्थ जी महाराज द्वारा गुरु रत्नेश्वर धाम दिघोरी में विश्व के सवसे बड़े स्फटिक शिवलिंग की स्थापना की पर भक्तों ने सागर नदी के पवित्र जल से विधि अनुसार पूजन पाठ कर जलाभिष्क किया ओर देश, प्रदेश सहित संपूर्ण जीवजगत की खुशहाली के लिए मंगलकामान की ओर प्रसाद वितरण किया । कावड़ यात्रीयो का जगह जगह ग्राम वाशियो स्वागत किया ओर फल आदि भेट किए। कावड़ यात्रा में लगभग 110 से अधिक बंधु सम्लित हुए जी जिनमें बच्चे, युवक सब समलित हुए। यह यात्रा हिंदू उत्सव समिति , सकल हिंदू समाज, सकल नगरवासियों के सहयोग से प्रारंभ हुई जो चतुर्थ वर्ष में भी निकाली गई ओर सकुशल सम्पन्न हुई।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## 20 मिनट में दो जगह वारदात, काली पल्सर पर सवार बदमाशों ने उड़ाए 39 हजार

# पहले कियोस्क सेंटर में 29 हजार पर किया हाथ साफ, फिर पेट्रोल पंप से 10 हजार लेकर फरार; हेलमेटधारी बदमाश सीसीटीवी में कैद

**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***महज 20 मिनट... दो जगह... एक ही तरीका और निशाने पर नकदी। 13 अगस्त की शाम काली पल्सर बाइक पर सवार हेलमेटधारी दो युवकों ने गोलीबारी चौक और सिंगोड़ी क्षेत्र में लगातार दो वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी।***





बातचीत के बहाने कर्मचारियों का ध्यान भटकाकर दोनों ने करीब 39 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ किया और देखते ही देखते बाइक से फरार हो गए।

### पहले कियोस्क सेंटर को बनाया निशाना

जानकारी के अनुसार, पहली घटना 13 अगस्त की शाम गोलीबारी चौक स्थित एक कियोस्क सेंटर में हुई। काली पल्सर से पहुंचे दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे। उन्होंने वहां मौजूद महिला कर्मचारी से बातचीत शुरू की और उसे अपनी बातों में उलझाए रखा। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों ने चतुराई से तिजोरी की चाबी खुलवाई और मौका मिलते ही उसमें रखी करीब 29 हजार रुपये की नकदी लेकर वहां से निकल गए। कुछ समय बाद नकदी गायब होने की जानकारी सामने आने पर घटना का पता चला।

### कुछ ही देर बाद पेट्रोल पंप पर पहुंचे

कियोस्क सेंटर में वारदात के बाद दोनों संदिग्ध सीधे सिंगोड़ी स्थित एक पेट्रोल पंप पहुंचे। यहां भी उन्होंने लगभग उसी अंदाज में कर्मचारी से बातचीत शुरू की। मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कुछ फोटो और अंक दिखाकर कर्मचारी का ध्यान अपनी ओर लगाए रखा।

इसी बीच बदमाशों ने कथित रूप से पेट्रोल पंप पर रखी करीब 10 हजार रुपये की नकदी समेट ली और काली पल्सर बाइक से मौके से फरार हो गए। दोनों घटनाओं के बीच बेहद कम समय का अंतर होने से माना जा रहा है कि बदमाशों ने पहले से इलाके की रेकी की हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी।

### सीसीटीवी फुटेज बना पुलिस के लिए अहम सुराग

लगातार दो वारदातों की सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया। फुटेज में हेलमेट लगाए दो संदिग्ध काली पल्सर बाइक पर नजर आ रहे हैं।

पुलिस अब केवल घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज तक सीमित न रहकर आसपास के मार्गों और आने-जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के भागने की दिशा और उनकी पहचान से जुड़े सुराग मिल सकें।

### व्यापारियों में बढ़ी चिंता

एक के बाद एक हुई इन दोनों घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। खासकर नकदी का लेन-देन करने वाले प्रतिष्ठानों में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ गई है। घटना ने यह भी सवाल खड़ा किया है कि अनजान लोगों द्वारा बातचीत में उलझाए जाने के दौरान कर्मचारियों को कितनी सावधानी बरतनी चाहिए।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले सुराग और प्रत्यक्ष जानकारी के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ ही दोनों वारदातों की कड़ियां जुड़ने और बदमाशों की पहचान होने की उम्मीद है।

# शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय जाम में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**जगप्रेरणा लालबर्रा।**

संस्था के पूर्व प्रभारी प्राचार्य एल. आर. रंगारे द्वारा बताया गया कि शास.उच्च. माध्य. विद्यालय जाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 80 वां स्वतंत्रता दिवस प्रभारी प्राचार्य श्री एमन्त ठाकरे के निर्देशन में धूमधाम से मनाया गया। संस्था में स्काउट मास्टर श्री चंद्रिका प्रसाद पटले द्वारा स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों द्वारा रैली में परेड का आयोजन करवाया गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए जाम कृषि मंडी प्रांगण में जाकर रैली का समापन हुआ एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति प्राचार्य श्री एमन्त ठाकरे की अध्यक्षता में, श्री जाहिद खान जनपद सदस्य के मुख्य आतिथ्य मे, श्री सत्यनारायण श्रीवास पूर्व जनपद सदस्य सेन समाज अध्यक्ष, श्री योगेश लिल्हारे पूर्व एसएमडीसी सदस्य, श्री अशोक नगपुरे पूर्व जनपद सदस्य, श्री दिलीप लिल्हारे शाखा प्रबंधक सेवा सहकारी समिति जाम एवं श्रीमती भुवनेश्वरी ठाकरे एस.एम.सी समिति के अध्यक्ष, राजेश नगपुरे ग्राम पंचायत जाम, उप सरपंच श्रीमती रखी नगपुरे एसएमसी सदस्य, धर्मेंद्र धामडे एसएमसी सदस्य, श्रीमती अनीता भीमटे के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गीत भाषण एवं आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह वर्धन पूरे जोश जुनून के साथ समस्त प्रतिभागियों का किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महोदय श्री जाहिद खान द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई। एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री आर.सी बिसेन द्वारा की गई घोषणा अनुरूप जाम विद्यालय से प्रदेश की प्राविण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विनायक ठाकरे को 11000/- की राशि प्रदान की गई। इसी क्रम में 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले 07 विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 1000 की दर से प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र, साथी श्री एल आर रंगारे द्वारा भी पूर्व में की गई घोषणा अनुरूप दो विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 1000 की दर से राशि एवं प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों के हस्ते प्रदान करवाया गया। सभी पात्र विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके कक्षा शिक्षको को भी सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री ठाकरे द्वारा उद्बोधन में सभी उच्चतम सफलता अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई, भविष्य में इसी परिपाटी को बनाए रखने की अपील की गई। एवं आज के दिन का महत्व बताते हुए कार्यक्रम के सफल मंच संचालनकर्ता श्रीमती ममता शरणागत एवं श्रीमती पुष्पलता लिल्हारे एवं स्काउट मास्टर श्री चंद्रिका प्रसाद पटले को प्राचार्य श्री ठाकरे द्वारा पुरस्कृत किया गया। एवं आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान गाकर किया गया।

# सेंट विद्यासागर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में वारासिवनी विधिक साक्षरता शिविर, विद्यार्थियों को कानून की दी जानकारी

### न्यायाधीश ऋषभ डोनल सिंह ने संविधान, मौलिक अधिकार, पीओसीएसओ व मोटर वाहन अधिनियम सहित विधि में करियर की दी जानकारी..




**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

सेंट विद्यासागर परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड श्री ऋषभ डोनेल सिंह ने विद्यार्थियों को संविधान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, पीओसीएसओ अधिनियम, यातायात नियमों तथा विधि के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर न्यायाधीश श्री सिंह का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने बैंड की प्रस्तुति के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन करते हुए श्री उस्मान खान ने विद्यार्थियों से न्यायाधीश महोदय का परिचय कराया। इसके बाद मुख्य प्राचार्य श्री ए.पी. नंदा एवं प्राचार्या श्रीमती सुजाता जैवार ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया

### संविधान और मौलिक अधिकारों पर प्रकाश

न्यायाधीश श्री ऋषभ डोनल सिंह ने संविधान की भूमिका समझाते हुए कहा कि यह देश की शासन व्यवस्था और कानूनों का मूल आधार है। उन्होंने समानता के अधिकार की जानकारी देते हुए कहा कि नागरिकों के साथ लिंग, जन्मस्थान आदि के आधार पर अनुचित भेदभाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि अधिकारों के साथ सार्वजनिक हित, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए कानूनसम्मत उचित प्रतिबंध भी आवश्यक हैं।

### मौलिक कर्तव्यों और स्वतंत्रता संग्राम की दी जानकारी

उद्बोधन में उन्होंने भाईचारे और मौलिक कर्तव्यों की चर्चा करते हुए कहा कि भाईचारा केवल भाई तक सीमित शब्द नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति प्रेम, सद्भाव और सहानुभूति की भावना का प्रतीक है। संविधान नागरिकों से अपेक्षा करता है कि वे एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सौहार्द बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद रखना तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना भी नागरिकों का दायित्व है। उदाहरण देते हुए उन्होंने वारासिवनी के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का उल्लेख किया और कहा कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष एवं योगदान को जानना और साझा करना गौरव की बात है।

उन्होंने बताया कि मौलिक कर्तव्यों में पर्यावरण और वन्यजीवों की रक्षा का भी महत्वपूर्ण स्थान है। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कानून बनाए गए हैं, इसलिए नागरिकों का दायित्व है कि वे उनका पालन करें। संरक्षित वन्यजीवों को घर में पालने पर कानूनी प्रतिबंध है

### पीओसीएसओ अधिनियम से बच्चों की सुरक्षा

विद्यार्थियों को पीओसीएसओ अधिनियम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह विशेष कानून बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून बालक और बालिका दोनों की सुरक्षा करता है। विद्यार्थियों से किसी भी अनुचित व्यवहार या खतरे की स्थिति में चुप नहीं रहने तथा इसकी जानकारी अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय जिम्मेदार व्यक्ति को देने की अपील की गई।

### मोटर वाहन अधिनियम और सड़क सुरक्षा पर जोर

न्यायाधीश ने मोटर वाहन अधिनियम एवं वर्ष 2019 के संशोधन की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है। हेलमेट नहीं पहनना, बिना बीमा वाहन चलाना तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन दंडनीय हो सकता है। उन्होंने युवाओं से छोटी दूरी के लिए भी हेलमेट पहनने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों का उद्देश्य केवल जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है।

### विधि में करियर की संभावनाएं

विधि शिक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि 12वीं के बाद बीए एलएलबी, बीएससी एलएलबी जैसे इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम किए जा सकते हैं, जबकि स्नातक के बाद तीन वर्षीय एलएलबी का विकल्प रहता है। कानून की पढ़ाई के बाद वकालत, न्यायिक सेवा, सरकारी विधि अधिकारी, बैंकिंग, कॉर्पोरेट लॉ और लॉ फर्म सहित अनेक क्षेत्रों में करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप करियर का चयन करने की सलाह दी।

### उस्मान खान ने किया मंच संचालन एवं आभार

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री उस्मान खान ने किया। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने न्यायाधीश श्री ऋषभ डोनेल सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान, मौलिक अधिकार, क्कह्रष्टस्ह्र अधिनियम, यातायात नियमों एवं कानून के विभिन्न पहलुओं की सरल एवं उपयोगी जानकारी मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार की ओर से न्यायाधीश महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य प्राचार्य श्री ए.पी. नंदा, प्राचार्या श्रीमती सुजाता जैवार, सहित महाविद्यालय का स्टाफउपस्थित रहा। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 250 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विधिक जागरूकता से जुड़े विषयों को रुचिपूर्वक सुना और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## तिरोड़ी में धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

# गांधी चौक में खान प्रमुख मनीष ढोके ने किया ध्वजारोहण, प्रभात फेरी देर से निकलने पर ग्रामीणों में नाराजगी..

**जगप्रेरणा तिरोड़ी।**





नगर में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। ग्राम पंचायत तिरोड़ी में सरपंच फौजिया खान ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार गीता राहंगडाले ने तिरंगा फहराया। मुख्य समारोह गांधी चौक में हुआ। यहां राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के बाद मुख्य अतिथि मॉयल मैनेजर एवं खान प्रमुख मनीष ढोके ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। पुलिस जवानों ने भी सलामी दी। मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन फिरोज खान ने किया। इस दौरान मेरिट में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तिरोड़ी मॉयल खदान में भी खान प्रमुख मनीष ढोके ने ध्वजारोहण किया। नगर की अन्य शासकीय-अशासकीय संस्थाओं में भी संस्था प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया।



### प्रभात फेरी देर से निकलने पर नाराजगी

नगर में वर्षों से स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकाली जाती थी, जो नगर भ्रमण के बाद गांधी चौक के मुख्य समारोह में शामिल होती थी। इस बार पंचायत के निर्देश पर स्कूलों की प्रभात फेरी को पहले गांधी चौक के मुख्य समारोह में शामिल किया गया और इसके बाद निकाला गया। इससे प्रभात फेरी के इंतजार में घरों के सामने खड़े अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। कई ग्रामीणों ने बच्चों के लिए पानी, चॉकलेट और बिस्कुट की व्यवस्था भी की थी।

कुछ स्कूल संचालकों ने भी दबी जुबान में व्यवस्था पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकलने से बच्चों में उत्साह और जोश रहता है। इस बार देरी के कारण बच्चे थक गए और इसका असर स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी पड़ा, जो पिछले वर्षों की तुलना में देर से शुरू हुए।

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान, प्रोत्साहन राशि से बढ़ा हौसला..

**जगप्रेरणा कटंगी।**



वारासिवनी विकासखंड के ग्राम डोरली (माल) स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शालाओं में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पांचवीं और आठवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्राम के समाजसेवी परमानंद नागफासे, उनकी धर्मपत्नी पार्वती नागफासे एवं रोजगार सहायक प्रकाश जामुनपाने की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को यह प्रोत्साहन प्रदान किया गया। कक्षा पांचवीं और आठवीं के टॉप तीन-तीन विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

इसके साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र, पेन, पेंसिल, रबर एवं कॉपी भी भेंट की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा आठवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में राशी मानकर ने 600 में से 497 अंक (82 प्रतिशत) हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्वी उईके ने 487 अंक (81 प्रतिशत) के साथ दूसरा तथा कशिश वाडीवे ने 483 अंक (80 प्रतिशत) प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

कक्षा पांचवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंशीका जामुनपाने ने 400 में से 307 अंक (76 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिखा धनकड़े ने 304 अंक (76 प्रतिशत) के साथ दूसरा तथा ईशानी वाडीवे ने 301 अंक (75 प्रतिशत) प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत कर बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित करना तथा उनमें संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देकर स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चतुर्भुज खरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नीट - यूजी में शानदार सफलता पर श्रद्धा बिसेन का सम्मान, क्षेत्र का नाम किया रोशन



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर की प्रतिभाशाली बेटी कु. श्रद्धा बिसेन ने नीट - युजी 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार के साथ-साथ वारासिवनी एवं खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।***

श्रद्धा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और विभिन्न वर्गों से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 18 अगस्त 2026 को कांग्रेस राहुल-प्रियंका गांधी विचार मंच के जावेद अली एवं अतुल परधी ने अधिवक्ता श्री आनंद बिसेन के वारासिवनी स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी लाडली बेटी कु. श्रद्धा बिसेन, उनके माता-पिता एवं समस्त परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने श्रद्धा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके आगे भी निरंतर सफलता की प्रार्थना की।

लगभग 20 लाख अभ्यर्थियों के बीच ऑल इंडिया ह्क्ष्ट श्रेणी में 24,000वीं रैंक प्राप्त करना श्रद्धा की अथक मेहनत, निरंतर अध्ययन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित किया है कि मजबूत इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

बताया गया कि काउंसलिंग प्रक्रिया के उपरांत श्रद्धा को मध्यप्रदेश के किसी शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने की संभावना है। चिकित्सक बनने की दिशा में उनकी यह सफलता उनके जीवन के एक नए और महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत है।

श्रद्धा बिसेन की उपलब्धि न केवल उनके माता-पिता और परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

इस अवसर पर शुभचिंतकों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि श्रद्धा जीवन के प्रत्येक पड़ाव पर नई ऊंचाइयां प्राप्त करें, एक सफल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनकर मानवता की सेवा करें तथा अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवार और पूरे जिले एवं क्षेत्र का नाम निरंतर रोशन करें।

## हरियाली अमावस्या पर ग्राम खजरी में गूंजी हरियाली की गूंज..

# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के तहत कलश पूजन एवं वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प







जगप्रेरणा कटंगी।

***हरियाली अमावस्या के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित चेतना एवं जनभागीदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत सेक्टर (तिरोड़ी) के ग्राम खजरी स्थित शिव मंदिर परिसर में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।***

कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक महेश पटले एवं विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत के मार्गदर्शन एवं गरिमामय उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवाधिदेव महादेव के विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजन तथा कलश पूजन के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों का स्वागत छायादार एवं फलदार पौधे भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा की अवधारणा, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारियों में से एक है। केवल पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों को संरक्षित कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए हरियाली को जनजीवन का हिस्सा बनाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के पश्चात कलश यात्रा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर सखियों, समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया। इस दौरान विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए तथा उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसलिए पौधारोपण के साथ उसकी सुरक्षा, सिंचाई एवं देखभाल सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने अधिकाधिक पौधे लगाने तथा रोपित पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपने घरों, खेतों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के माध्यम से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच सुरेंद्र कुमार राहांगडाले, उपसरपंच यशवंत चौहान, ग्राम सचिव गुलाबचंद पटले, विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, परामर्शदाता सुश्री अंजू डोंगरे, ईमरतचंद्र रहांगडाले, श्री किशनलाल ठाकरे, परसराम नागेश्वर, सीएम इंटर राहुल पटले, धर्मेंद्र खरे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजरी के देवाराम नागफासे, गुरुदयाल बिसेन सहित उर्मिला बाई, सुनीता बाई, हंसकला बाई, रीना पटले, अनीता अंबाडारे, शकुंतला पारधी, पुस्तकला बाई तुरकर, कांता बाई बावने एवं यशोदा पटले सहित नवांकुर सखियां, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत बैहर सीईओ ने की पहल, आदिवासी बैगा बाहुल्य क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा






संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***जिला कलेक्टर महोदय एवं जिला सीईओ महोदय के आदेश के परिपालन में शुक्रवार 14 अगस्त 2026 को जनपद पंचायत बैहर के सीईओ भोलासिंह मेरावी द्वारा आदिवासी बैगा बाहुल्य क्षेत्र में हो रही बीमारियों को लेकर ग्राम पंचायत बिठली (उ)***

के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिठली, हर्रानाला, बोड़खी, आमानाला एवं दुगलई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों के साथ ही घरों के आसपास साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही गड्ढों में जमा पानी की स्थिति एवं ग्रामीणों को मिल रहे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

सीईओ भोलासिंह मेरावी ने ग्रामीणों को साफ-सफाई रखने, आसपास पानी जमा नहीं होने देने तथा स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी।

इस दौरान सीईओ भोलासिंह मेरावी द्वारा ग्राम दुगलई में 0 वर्ष से लेकर 8 से 10 वर्ष तक के बच्चों को कपड़े भी वितरित किए गए।

निरीक्षण एवं कार्यक्रम के दौरान सरपंच मालती अर्जुन सिंह उयके, सचिव गोविन्द मर्सकोले, सहायक सचिव कुलदीप अजीत, सीएचओ राज दीप, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमलेश्वरी मरकाम एवं आशा कार्यकर्ता मनीशा पंद्रे सहित गांव के गणमान्य नागरिक तीरथ सिंह उयके, मुनालाल मरकाम, सुरेन्द्र मरकाम, पंचम मरकाम, अर्जुन सिंह उयके एवं मधुकर पंद्रे उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत सीईओ की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# दक्षिण बैहर के वनांचल में संक्रमण के खिलाफ जागरूकता अभियान, मातला-धर्मशाला में बच्चों को बांटे कपड़े-चरण पादुका





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***दक्षिण बैहर के वनांचल क्षेत्रों में अज्ञात संक्रमण के रूप में सामने आई आपदा के बीच आदिवासी ग्रामीणों को सुरक्षित रखने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे लगातार वनांचल गांवों का भ्रमण कर रहे हैं।***

उनका प्रयास है कि दूरस्थ आदिवासी बस्तियों तक पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया जाए और उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए।

इसी अभियान के तहत सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे ने बुधवार को दक्षिण बैहर अंतर्गत ग्राम मछुरदा के अधीन मातला और धर्मशाला गांव का भ्रमण किया।

यहां उन्होंने आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शाला स्तर के बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान जरूरतमंद बच्चों को कपड़े एवं चरण पादुका वितरित की गई। सामग्री मिलने पर बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला।

वहीं गांव की महिलाओं के बीच पहुंचकर उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देते हुए साबुन की टिकिया एवं डियोड्रेंट के पैकेट प्रदान किए गए। ग्रामीणों को समझाया गया कि संक्रमण जैसी परिस्थितियों में साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

## महिलाओं के साथ बैठकर वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा

अभियान के दौरान रामेश्वर कटरे ने गांव की महिलाओं के साथ बैठकर वर्तमान परिस्थितियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुना और संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए आवश्यक सावधानियों को लेकर समझाइश दी।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि ग्रामीणों की जागरूकता और सामूहिक भागीदारी भी जरूरी है। परिवार में स्वच्छता का ध्यान रखने के साथ आसपास के वातावरण को भी साफरखने, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने और किसी भी प्रकार के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## बच्चों के साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी फोकस

इस अभियान में जरूरतमंद बच्चों को कपड़े और चरण पादुका उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। महिलाओं को साबुन एवं डियोड्रेंट उपलब्ध कराने का उद्देश्य उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा सके।

इस दौरान ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की जानकारी भी ली गई। ग्रामीणों से कहा गया कि किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या सामने आने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का लाभ लें और आसपास के लोगों को भी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करें।

## कई वर्षों से वनांचल गांवों में कर रहे संपर्क

सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे द्वारा बीते कई वर्षों से दक्षिण बैहर के विभिन्न वनांचल एवं आदिवासी बहुल गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया जा रहा है। इस दौरान वे जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, चप्पल, जूते एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीणों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक करते रहे हैं।

वर्तमान संक्रमण की स्थिति को देखते हुए उनके द्वारा इस अभियान को और व्यापक रूप दिया जा रहा है। उनका कहना है कि वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों तक समय पर जागरूकता का संदेश पहुंचाना जरूरी है। ग्रामीणों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सावधानी को लेकर जागरूकता बढ़ाकर ही संक्रमण के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे आपस में सहयोग करें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

# बिरसा में 'मेरा गांव मेरा तीर्थ' अभियान के तहत छतरी वितरण और वृक्षारोपण संपन्न..





जगप्रेरणा बिरसा।

***15 अगस्त के पावन अवसर पर जनपद पंचायत बिरसा के सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत डोंगरिया के शासकीय माध्यमिक शाला में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

इस दौरान बच्चों की शिक्षा में मौसम की बाधा को दूर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को छतरियों का वितरण किया गया। यह पहल 'मेरा गांव मेरा तीर्थ' अभियान के तहत की गई, जिसमें जनपद सदस्य लक्ष्मी मिथिलेश पटले तथा राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय युवा महासभा के जनसंवाद सचिव व भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मिथिलेश पटले का विशेष सहयोग रहा।

## शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य पर संवाद

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों से उनके सपनों और जीवन के लक्ष्यों पर आत्मीय चर्चा की। मिथिलेश पटले ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷बड़ा सपना देखो, लक्ष्य तय करो और निरंतर मेहनत करो, सफलता निश्चित मिलेगी।÷ उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि समाज की वास्तविक सेवा केवल सहायता देने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर बच्चे के मन में आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का विश्वास जगाना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि वनांचल का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपने सपनों से वंचित न रहे।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। उपस्थित जनों ने पर्यावरण बचाओ और सेवा को ही सच्चा संस्कार बताया। इस अवसर पर डोंगरिया पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंच, पंचायत के समस्त नागरिक, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।










जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# कोचेवाही में भारी मात्रा में शराब जपती मामले में जि.प.स. ने आबकारी विभाग पर उठाये सवाल...

## सप्लाई करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग..



जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम कोचेवाही में आबकारी विभाग द्वारा दो घरों से करीब 13 पेटी देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किए जाने के मामले ने अब राजनीतिक एवं सामाजिक तूल पकड़ लिया है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे ने मामले को लेकर आबकारी विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।***

जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे ने कहा कि गांव-गांव में बड़ी मात्रा में शराब पहुंचने के पीछे केवल स्थानीय स्तर पर शराब बेचने वाले लोग ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि यह पता लगाना भी जरूरी है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब की सप्लाई आखिर कहां से हो रही है। उन्होंने आबकारी विभाग से सवाल किया कि कोचेवाही में जब्त 13 पेटी शराब किस लाइसेंसी दुकान अथवा ठेकेदार के माध्यम से गांव तक पहुंची?

उन्होंने कहा कि यदि शराब किसी लाइसेंसी दुकान या ठेकेदार के माध्यम से अवैध रूप से गांव तक पहुंची है, तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने पूछा कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब मिलने के बाद संबंधित शराब दुकान की जांच, लाइसेंस संबंधी कार्रवाई तथा दुकान को सील करने की प्रक्रिया क्यों नहीं की गई?

### पुराने मामले का भी उठाया मुद्दा..

ज्योति उमरे ने पूर्व में मीरिया ग्राम पंचायत के टेकेपार में पकड़ी गई करीब 103 लीटर शराब के मामले का हवाला देते हुए भी कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि उस मामले में ठेकेदार के नाम पर एफआईआर दर्ज होने तथा

गांव-गांव शराब वितरण से संबंधित रजिस्टर जब्त किए जाने के बावजूद रजिस्टर में दर्ज संबंधित लोगों और रिसीवर दुकान के विरुद्ध क्या कार्रवाई हुई, इसकी भी स्पष्ट जानकारी सामने आनी चाहिए।

### सरकारी शराब दुकान के आसपास शराब पिलाने पर भी सवाल..

जिला पंचायत सदस्य ने सरकारी शराब दुकानों के आसपास शराब पिलाए जाने की शिकायतों को भी गंभीरता से लेते हुए कहा कि यदि शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर दुकानों के आसपास लोगों को शराब पिलाई जा रही है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

### कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी..

ज्योति उमरे ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई केवल छोटी मछलियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि शराब की सप्लाई के वास्तविक स्त्रोत तक जांच पहुंचनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आबकारी विभाग और प्रशासन8 द्वारा मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तथा केवल जब्ती की कार्रवाई तक मामला सीमित रहा, तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला स्तर पर जन-आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कोचेवाही में जब्त शराब के स्त्रोत की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए।

# 'अब भारत में नहीं रहती, 'रेबेल किड' अपूर्वा मखिजा ने छोड़ा देश, न्यूयॉर्क शिफ्ट होने की वजह का किया खुलासा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***देश की जानी-मानी कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मखिजा, जिन्हें सोशल मीडिया की दुनिया में 'रेबेल किड' के नाम से पहचाना जाता है, एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। डिजिटल स्पेस में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली अपूर्वा ने भारत छोड़कर अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बसने और वहां आगे की पढ़ाई करने का फैसला लिया है।***

अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर अपूर्वा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान अपने इस बड़े फैसले के पीछे की मुख्य वजहों का खुलासा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत में उनका सोशल सर्कल काफी सीमित हो गया था, जिससे उनकी सोच का दायरा भी सिमट रहा था। इसी वजह से वे अमेरिकी कॉलेज लाइफ का अनुभव करने और खुद को नए सिरे से तलाशने के लिए विदेश का रुख कर रही हैं।

### हमेशा से न्यूयॉर्क में बसने की थी ख्वाहिश..

यूट्यूब चैनल 'अनट्रिगर्ड विद अमीनजाज' पर बात करते हुए अपूर्वा मखिजा ने अपने इस नए सफर के बारे में खुलकर चर्चा की। पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें हमेशा से ही न्यूयॉर्क शहर बेहद पसंद रहा है। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार वहां गई थीं, तभी उन्होंने ठान लिया था कि एक न एक दिन वे इस शहर में जरूर रहेंगी। उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क की तेज रफ्तार जिंदगी, लोगों का ड्रेसिंग सेंस, वहां का खाना, वास्तुकला और वेब सीरीज में दिखने वाला वहां का माहौल उन्हें काफी आकर्षित करता है। इसी इच्छा के चलते उन्होंने केवल न्यूयॉर्क के ही एक कॉलेज में आवेदन किया था। उनका मानना था कि अगर दाखिला मिल गया तो वे चली जाएंगी और किस्मत से उनका दाखिला हो भी गया।

### डिग्री से ज्यादा नए लोगों से मिलने की है चाहत..

अपूर्वा ने बेहद बेबाकी से यह बात भी स्वीकार की कि वे जिस एमबीए कोर्स को करने जा रही हैं, वह उनके करियर के लिए बहुत ज्यादा उपयोगी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे कभी भी कॉर्पोरेट दुनिया में 9 से 5 की नौकरी नहीं करना चाहती हैं और बिजनेस तो वे भारत में रहकर भी शुरू कर सकती थीं। इसके बावजूद सब कुछ छोड़कर मैनहट्टन के एक हॉस्टल में एक सामान्य छात्र की तरह रहने के फैसले के पीछे की वजह नए लोगों से मिलना है। मुंबई में उनका दायरा सिर्फअन्य कंटेंट क्रिएटर्स तक सीमित होकर रह गया था। वे अब एक ऐसे माहौल में जाना चाहती हैं, जहाँ लोग उन्हें एक इंटरनेट स्टार के रूप में न देखें और जहाँ वे अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से जुड़ सकें।

पॉडकास्ट में जब उनसे उनकी शैक्षणिक योग्यता के बारे में पूछा गया, तो अपूर्वा ने बताया कि वे पढ़ाई-लिखाई में हमेशा से काफी तेज रही हैं। उन्होंने कंप्यूटर साइंस में बी-टेक किया हुआ है। इसके अलावा 10वीं कक्षा में उनका 10 जीपीए, 12वीं में 95.4 फीसदी अंक और ग्रेजुएशन में 8.4 जीपीए रहा है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई या परीक्षा देने से उन्हें कोई परहेज नहीं है, लेकिन इस बार वे पढ़ाई के साथ-साथ मस्ती भी करना चाहती हैं। उन्होंने अतीत का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में ग्रेजुएशन के दौरान वे एक रिलेशनशिप में थीं और पूरे चार साल सिर्फ एक ही इंसान के साथ सीमित रहकर बिता दिए। इस वजह से वे एक बेहतर कॉलेज लाइफ का आनंद नहीं ले सकीं, जिसकी भरपाई वे अब न्यूयॉर्क में करना चाहती हैं।

### करियर और बिजनेस को लेकर अपूर्वा का दृष्टिकोण..

कंटेंट क्रिएशन की दुनिया से थोड़े ब्रेक के संकेत देते हुए अपूर्वा ने कहा कि अब उनका रोजाना कैमरा उठाने और वीडियो बनाने का मन नहीं होता है। वे ज्यादातर वीडियो सिर्फ अपने मैनेजर के कहने पर या फिर किसी ब्रांड डील के कारण ही बनाती हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपने एक पुराने बिजनेस प्लान के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वे एक ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रांड शुरू करना चाहती थीं और टीवी पर दिखने वाले बड़े निवेशकों से उनकी बातचीत भी हो चुकी थी। वे निवेशक भारी पैसा लगाने और 50 फीसदी इक्विटी देने को भी तैयार थे, लेकिन काम करते समय अपूर्वा को एहसास हुआ कि उन्हें बिजनेस ऑपरेशन्स और सप्लाई चेन की ज्यादा जानकारी नहीं है।

### खुद को बदलने और नई शुरुआत की कोशिश..

अपूर्वा ने माना कि मार्केटिंग के अलावा वे व्यापार के अन्य पहलुओं से अनजान थीं और आज भी उनके पिता ही उनके वित्तीय मामलों को संभालते हैं। वे 21 साल की उम्र वाली अपनी पुरानी सोच से बाहर निकलना चाहती थीं और खुद को अधिक समझदार बनाना चाहती थीं। इसीलिए उन्होंने खुद को एक ऐसे माहौल में ढालने का फैसला किया, जहाँ वे बिजनेस से जुड़े अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकर काम सीख सकें। गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी 2025 में समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में नजर आने के बाद अपूर्वा काफी विवादों में घिर गई थीं। उस शो में कही गई बातों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ था, जिसके बाद पुलिस शिकायतें भी दर्ज हुई थीं और उन्हें सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। अब इन सब विवादों और पुरानी जिंदगी से आगे बढ़कर अपूर्वा मखिजा न्यूयॉर्क में अपनी एक नई पहचान और एक नया सफर शुरू करने जा रही हैं।

# अंतिम दौर में लगातार तीन जीत से विवान ने जीता रैपिड खिताब, शोहरादोवा बनीं बालिका चैंपियन..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

भारत के विवान विशाल और तुर्कमेनिस्तान की शोहरादोवा लाला ने बुधवार को यहां एशियाई जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के क्रमशः ओपन और बालिका वर्ग के खिताब जीते। ओपन वर्ग में खिताब के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शीर्ष पर चल रहे कजाखस्तान के अखिलबे इमांगली और भारत के माधवेंद्र प्रताप शर्मा को अंतिम दौर की बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जिससे खिताब की दौड़ रोमांचक हो गई। इसका फायदा उठाते हुए भारत के विवान ने अंतिम तीन दौर में लगातार तीन जीत दर्ज कीं और सात दौर में छह अंक हासिल करके ओपन रैपिड खिताब अपने नाम किया।

2149 रेटिंग वाले विवान की यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि उन्होंने कई मजबूत खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय मास्टर अक्षय बोरगांवकर और अपूर्व कांबले ने भी पांच-पांच अंक हासिल करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के कारण अक्षय ने रजत पदक जीता जबकि अपूर्व को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बालिका रैपिड वर्ग में खिताब की दौड़ अंततः तुर्कमेनिस्तान की शोहरादोवा लाला और भारत की प्रतीति बोरदोलोई के बीच रोमांचक मुकाबले में बदल गई। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और सात दौर में छह-छह अंक हासिल किए। अंक बराबर होने के कारण विजेता का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ जिसमें शोहरादोवा ने बाजी मारकर खिताब अपने नाम किया। प्रतीति बोरदोलोई ने रजत पदक हासिल किया जबकि भारत की प्रिशिता गुप्ता ने कांस्य पदक जीता।

# दलीप ट्रॉफी का फाइनल अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दलीप ट्रॉफी 2026-27 का अगले महीने होने वाला फाइनल बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से हटाकर अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कराया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को बताया कि***

फाइनल को चेन्नई स्थानांतरित करने का फैसला इसलिए किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक स्टेडियम में बैठकर इस महत्वपूर्ण घरेलू मुकाबले को देख सकें। फाइनल छह से 10 सितंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'दलीप ट्रॉफी 2026-27 का फाइनल बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कर दिया गया है। इसका उद्देश्य दर्शकों को छह से 10 सितंबर तक होने वाले फाइनल को स्टेडियम में देखने का मौका देना है। टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले तय कार्यक्रम के अनुसार 23 अगस्त से बेंगलुरु के सीओई में ही खेले जाएंगे। शुरुआती दिन पूर्वी क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से जबकि उत्तरी क्षेत्र की भिड़ंत पश्चिम क्षेत्र से होगी। 2026-27 सत्र में दलीप ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बार टूर्नामेंट अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में लौट आया है।

इसमें मध्य क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीमें शामिल हैं। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि सीओई में दर्शकों की संख्या को लेकर कुछ सीमाएं हैं इसलिए फाइनल को चेन्नई स्थानांतरित करने का फैसला किया गया।

उन्होंने कहा, 'दलीप ट्रॉफी हमारे घरेलू कैलेंडर का महत्वपूर्ण प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट है। इसमें हमेशा उच्च स्तर का क्रिकेट देखने को मिलता है और हम चाहते हैं कि प्रशंसकों को फाइनल मुकाबला स्टेडियम में देखने का मौका मिले।' सैकिया ने कहा, 'सीओई में दर्शकों की मौजूदगी को लेकर कुछ प्रतिबंध हैं। इसलिए हमें लगा कि फाइनल को ऐसे मैदान पर कराया जाना उचित होगा, जहां प्रशंसक आकर इस मुकाबले का हिस्सा बन सकें।'

उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का प्रसारण भी बढ़ाया गया है। दलीप ट्रॉफी के सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग होगी जबकि एक क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और फाइनल का टीवी पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

# शारदा महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज एवं सावन झूला उत्सव..



जगप्रेरणा लांजी।

सावन मास की हरियाली और उल्लास के बीच शारदा महिला मंडल लांजी द्वारा हरियाली तीज एवं सावन झूला उत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल जी अध्यक्ष श्रीमती उषादेवी पशीने जी के निवास पर आयोजित किया गया, जहां महिला मंडल की सभी सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों के साथ झूला उत्सव का आनंद लिया तथा हरियाली तीज के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सावन की खुशियों को साझा किया। पूरे आयोजन में उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द का माहौल बना रहा। उत्सव के उपरांत सभी सदस्यों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने सामूहिक रूप से आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।

### सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी है शारदा महिला मंडल..

शारदा महिला मंडल लांजी द्वारा समय-समय पर धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

संस्था महिलाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के साथ ही भारतीय परंपराओं और संस्कृति को जीवंत रखने की दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। हरियाली तीज एवं सावन झूला उत्सव भी इसी श्रृंखला की एक सुंदर कड़ी रहा, जिसने महिलाओं को एकजुट होकर पर्व की खुशियां मनाने का अवसर प्रदान किया।

### अध्यक्ष उषा देवी पशीने ने कहा—

इस पावन अवसर पर शारदा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उषादेवी जी ने कहा कि, 'हरियाली तीज हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपरा और नारी शक्ति का सुंदर पर्व है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को आपस में जुड़ने, अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर मिलता है। शारदा महिला मंडल हमेशा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए प्रयासरत है।

सावन की हरियाली की तरह सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, प्रेम और खुशहाली बनी रहे, यही हमारी कामना है।' आयोजित कार्यक्रम मे श्रीमती उषादेवी पशीने, श्रीमती सुशीला दुग्गड़, श्रीमती अंजू पशीने, श्रीमती कल्पना पशीने, अधिवक्ता बबिता पशीने, श्रीमती नम्रता आसटकर, कुमारी आराध्या आसटकर, श्रीमती भगवती कर्राहे नव्या बिलगौर, श्रीमती किरण तिवारी, श्रीमती अनीता रामटेककर, श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्रीमती अंजलि रैंच, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव, श्रीमती मीना बिलगौर, श्रीमती पद्मा शर्मा, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल, श्रीमती उमा तिवारी, श्रीमती सुनीता रॉय, श्रीमती मंजू नारंग, श्रीमती शिखा गोस्वामी, श्रीमती मनीषा दुग्गड़ सहित सभी महिला सदस्य उपस्थित रहे ।

# कोकीन जांच में पॉजिटिव निक किर्गियोस अस्थायी रूप से निलंबित..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने बुधवार को खुलासा किया कि उनका कोकीन टेस्ट पॉजिटिव आया है और उन्हें अस्थायी रूप से टेनिस से निलंबित कर दिया गया है। किर्गियोस 2022 विंबलडन के एकल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारकर उप विजेता रहे थे।***

31 वर्षीय किर्गियोस लगातार चोटों के कारण विश्व रैंकिंग में अभी 919वें स्थान पर काबिज है। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर इस मामले की जानकारी साझा की। उन्होंने जून में आयोजित एक निचेल स्तर के टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए लिखा, 'हाल में मल्लोर्का में मेरा ड्रग परीक्षण पॉजिटिव आया जिसमें मैं कोकीन के लिए पॉजिटिव मिला।'

उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत बड़ी गलती की और इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।' प्रतियोगिताओं के दौरान कोकीन को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ माना जाता है। हालांकि प्रतियोगिता से बाहर इसके इस्तेमाल के मामलों में कम सजा का प्रावधान हो सकता है।

किर्गियोस ने कहा कि पिछले दो वर्षों से चोटों से जूझने के कारण अपने करियर के अंतिम दौर के करीब पहुंचने की वास्तविकता को स्वीकार करना उनके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा, 'कई बार मैंने खुद को असहाय और अकेला महसूस किया है। लेकिन इनमें से कोई भी बात मेरे किए को सही नहीं ठहराती।'

पिछले महीने किर्गियोस को विंबलडन में युगल खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड मिला था। उन्होंने अलेक्जेंडर बुब्लिक के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन पहले ही दौर में हार गए। अंतराष्टीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी इस मामले में कार्रवाई करेगी। एजेंसी ने बताया कि किर्गियोस का नमूना 22 जून को लिया गया था और 17 जुलाई को उनके पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई थी। किर्गियोस तब विंबलडन खेल चुके थे। एजेंसी ने कहा कि अनिवार्य अस्थायी निलंबन चार अगस्त से लागू किया गया था और किर्गियोस ने अब तक इस निलंबन के खिलाफ अपील नहीं की है।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
साहित्य अभिव्यक्ति
संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

# भारत के चुनावी मॉडल का अमेरिका में बजा डंका!– ट्रंप ने कहा सेफ़गार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट (सेव एक्ट) के लिए भारत से सीखें अमेरिका – वोटर आईडी बना चुनावी बहस का नया केंद्र – समग्र व्यापक विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की चुनावी व्यवस्था को लेकर देश के भीतर भले ही चुनाव-दर-चुनाव राजनीतिक बहस,आरोप-प्रत्यारोप और चुनाव आयोग कीकार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हों,लेकिन 18 अगस्त 2026 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय चुनाव प्रणाली और विशेष रूप से मतदाता पहचान व्यवस्था की सार्वजनिक प्रशंसा ने एक बिल्कुल अलग अंतरराष्ट्रीय तस्वीर सामने रख दी है।उन्होंने 2024 के भारतीय लोकसभा चुनाव में लगभग 64.6 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी का उदाहरण देते हुए सेव अमेरिका एक्ट को पारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।ट्रंप ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए अमेरिका में चुनाव सुधारों के लिए सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट यानी सेव एक्ट को आगे बढ़ाने की अपील की। ट्रंप ने भारत के विशाल चुनावी पैमाने का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि जब भारत इतनी बड़ी आबादी और करोड़ों मतदाताओं के साथ पहचान-आधारित चुनाव करा सकता है, तो अमेरिका में मतदाता पहचान को लेकर अधिक सख्त और एकसमान व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि भारत की चुनावी विशालता अमेरिका के लिए मिसाल बन गई है,भारत का चुनाव मॉडल इसलिए असाधारण है क्योंकि यहां चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विशाल भौगोलिक, भाषाई,सामाजिक और जनसंख्या विविधता के बीच संवैधानिक लोकतंत्र को संचालित करने का सबसे बड़ा प्रशासनिक अभ्यास है। इलेक्शन कमिशन ऑफ़इंडिया लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावों के संचालन की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सात चरणों में मतदान कराया गया था।

साथियों, निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान के लिए ईपीआईसी यानी वोटर आईडी के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस,पैन कार्ड,आधार सहित कई निर्धारित फोटो पहचान दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। यानी भारत में मूल सिद्धांत यह है कि मतदाता की पहचान मतदान केंद्र पर सत्यापित होनी चाहिए, हालांकि यह समझना जरूरी है कि केवल वोटर आईडी ही एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज नहीं है। यही वह बिंदु है जिसने अमेरिकी राजनीतिक बहस को भारत की ओर देखने के लिए प्रेरित किया है। ट्रंप ने 18 अगस्त की सुबह अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि इस महीने की शुरुआत में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अमेरिकी प्रशासन से सवाल किया था कि अमेरिका वैध फोटो पहचान के बिना चुनाव कैसे कराता है। ट्रंप ने भारत के पिछले आम चुनाव का उल्लेख करते हुए लगभग 64.6 करोड़ मतदाताओं का आंकड़ा सामने रखा और कहा कि एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक के जरिए मतदान किया तथा प्रत्येक मतदाता के पास वैध फोटो पहचान दस्तावेज था। इसी तुलना को आधार बनाकर उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से सेव एक्ट पारित करने की मांग की।

साथियों बात अगर हम भारत और अमेरिका की चुनावी व्यवस्था में सबसे बड़ा अंतर क्या है? इसको समझने की करें तो, भारत और अमेरिका दोनों विश्व के महत्वपूर्ण लोकतंत्र हैं, लेकिन उनकी चुनावी संरचना एक जैसी नहीं हैभारत में चुनावों के संचालन के लिए एक केंद्रीयसंवैधानिक संस्था,निर्वाचन आयोग,की प्रमुख भूमिका है, जबकि अमेरिका में चुनावों का प्रशासन काफी हद तक राज्यों और स्थानीय चुनावी संस्थाओं के हाथ में है। यही कारण है कि अमेरिका में मतदाता पंजीकरण, पहचान संबंधी नियम,अर्ली वोटिंग एब्सेंटी वोटिंग और मेल - इन वोटिंग जैसी व्यवस्थाओं में राज्य-दर-राज्य अंतर दिखाई देता है।इसलिए यह कहना अधिक सही होगा कि अमेरिका में कोई एक समान राष्ट्रीय मतदान प्रक्रिया नहीं है, जबकि भारत में चुनाव संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अधिक केंद्रीकृत संवैधानिक ढांचा मौजूद है।

भारत में मतदाता पंजीकरण के बाद मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान की जांच होती है। दूसरी ओर, अमेरिका में संघीय चुनावों के लिए पहचान और नागरिकता संबंधी नियमों का ढांचा अलग-अलग राज्यों में अलग हो सकता है। यही अंतर ट्रंप के सेव एक्ट अभियान का मूल राजनीतिक मुद्दा बन गया है। व्हाइट हाउस स्वयं दावा करता है कि भारत और ब्राजील जैसे देश मतदाता पहचान को अधिक मजबूत पहचान- प्रणालियों से जोड़ते हैं, जबकि अमेरिका में नागरिकता के संबंध में व्यापक रूप से सेल्फ अटेस्टेशन कीव्यवस्था पर निर्भरता रही है। हालांकि इस तुलना को सावधानी से समझना जरूरी है,भारत में भी आधार को अनिवार्य मतदाता पहचान के रूप में इस्तेमाल करने का अर्थ नहीं है; निर्वाचन आयोग मतदान के लिए कई वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज स्वीकार करता है।

साथियों बात अगर हम क्या है सेव अमेरिका एक्ट ?इसको समझने की करें तो,यहां एक महत्वपूर्णतथ्यात्मक स्पष्टता आवश्यक है। इसका आधिकारिक नाम सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट , संक्षेप में सेव एक्ट है। यह कोई स्वास्थ्य संबंधी सेव कानून नहीं, बल्कि अमेरिकी चुनावों में मतदाता पात्रता और नागरिकता सत्यापन से जुड़ा प्रस्तावित संघीय कानून है। इसका मूल उद्देश्य संघीय चुनावों में मतदाता पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना है। आधिकारिक विधायी रिकॉर्ड के अनुसार एच.आर.22 को 3 जनवरी 2025 को प्रतिनिधि सभा में पेश किया गया और 10 अप्रैल 2025 को सदन ने इसे 220-208 मतों से पारित कर दिया। इसके बाद यह सीनेट को भेजा गया। इसलिए इसे यह कहना सही नहीं होगा कि सेव एक्ट पहले ही पूर्ण संघीय कानून बन चुका है।प्रस्तावित कानून में अमेरिकी नागरिकता साबित करने के लिए विभिन्न दस्तावेजों की व्यवस्था की गई है, जिनमें वैध अमेरिकी पासपोर्ट, कुछ प्रकार के रियल आईडी -अनुरूप पहचान दस्तावेज, सैन्य पहचान एवं संबंधित रिकॉर्ड तथा सरकार द्वारा जारी कुछ अन्य दस्तावेज शामिल हैं। कानून का मूल लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि संघीय चुनावों में केवल पात्र अमेरिकी नागरिक ही पंजीकृत हों।

साथियों बात अगर हम मेल-इन वोटिंग पर भी सख्ती का प्रस्ताव को समझने की करें तो,सेव एक्ट की बहस केवल फोटो पहचान तक सीमित नहीं है। व्हाइट हाउस के अनुसार प्रस्तावित व्यवस्था में सामान्य मेल-इन बल्लोंट्स को सीमित करने और बीमारी, विकलांगता,सैन्य सेवा अथवा यात्रा जैसे विशेष मामलों में उन्हें अनुमति देने का प्रस्ताव है। साथ ही राज्यों को मतदाता सूचियों से गैर- नागरिकों के नाम हटाने के लिए व्यवस्था मजबूत करने की बात कही गई है।यहीं से अमेरिका की चुनावी बहस अधिक संवेदनशील हो जाती है। समर्थकों का तर्क है कि मतदान प्रक्रिया में नागरिकता और पहचान की मजबूत पुष्टि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को बढ़ाएगी। विरोधियों की चिंता है कि अत्यधिक दस्तावेजी बाध्यताएं उन वैध मतदाताओं के लिए मतदान कठिन कर सकती हैं जिनके पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए अमेरिकी बहस का वास्तविक प्रश्न केवल यह नहीं है कि वोटर आईडी होना चाहिए या नहीं? बल्कि यह है कि पहचान और नागरिकता सत्यापन की व्यवस्था ऐसी कैसे हो जो चुनावी सुरक्षा भी बढ़ाए और पात्र नागरिकों के मतदान के अधिकार में अनावश्यक बाधा भी न डाले।

साथियों बात अगर हम ट्रंप का अमेरिक़ी फर्स्ट अब इंडिया इलेक्शन मॉडल से जुड़ता दिखाई दे रहा है,ट्रंप लंबे समय से अमेरिक़ी फर्स्ट की राजनीति केसमर्थक रहे हैं। लेकिन इस बार उनके चुनावी सुधार अभियान में भारत का उदाहरण सामने आना राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिस भारत की चुनावी प्रणाली को लेकर भारतीय राजनीति में लगातार बहस होती रहती है, उसी व्यवस्था को अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश में चुनावी सुधारों के पक्ष में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। यहअतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि़ दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना अमेरिकी चुनावी बहस का संदर्भ 18 अगस्त 2026 की ट्रंप टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने भारत-अमेरिका संबंधों की चर्चा को व्यापार,रक्षा,तकनीक और रणनीतिक साझेदारी से आगे बढ़ाकर लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्थाओं तक पहुंचा दिया है। ट्रंप ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के कथित सवाल का हवाला देकर अपने सेव एक्टअभियान को मजबूत करने की कोशिश की है और भारत के विशाल चुनावी अनुभव को अमेरिकी मतदाता पहचान बहस के केंद्र में ला दिया है।लोकतंत्र की खूबसूरती ही यही है कि दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से कुछ सीखने की बात करे।आज सवाल केवल यह नहीं है कि अमेरिका भारत से क्या सीखेगा;बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत भी इस अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा को आत्ममुग्धता के बजाय अपनी चुनावी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और आधुनिक बनाने के अवसर में बदलेगा? यही वह बिंदु है जहां अमेरिक़ी फर्स्ट की बहस में भारत का चुनावी मॉडल एक नई कड़ी जोड़ता दिखाई देता है डेमोक्रेसी फर्स्ट ,वोटर फर्स्ट और ट्रस्ट फर्स्ट। भारतीय लोकतंत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक उल्लेखनीय क्षण है। यहां एक दिलचस्प विरोधाभास भी दिखाई देता है। भारत में प्रत्येक बड़े चुनाव के बादईवीएम मतदाता सूची, चुनाव आयोग की निष्पक्षता मतदान प्रतिशत और चुनावी प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद उठते हैं। विपक्ष कई बार चुनाव आयोग से सवाल करता है और सत्ता पक्ष चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता का बचाव करता है। लेकिन उसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा भारत की मतदाता पहचान व्यवस्था को अमेरिकी चुनाव सुधार के संदर्भ में उद्धृत किया जाना यह संकेत देता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन केवल घरेलू राजनीतिक चश्मे से सटीकता से नहीं किया जाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम क्या अमेरिका को भारत से सीखना चाहिए? इसको समझने की करें तो इस प्रश्न का उत्तर न तो पूरी तरह हां है और न ही पूरी तरह नहीं। भारत और अमेरिका की संवैधानिक संरचना, संघीय व्यवस्था,चुनावी इतिहास, मतदान पद्धति और प्रशासनिक ढांचे अलग हैं। इसलिए भारत की पूरी चुनाव प्रणाली को ज्यों का त्यों अमेरिका में लागू करना व्यावहारिक नहीं होगा। लेकिन कुछ सिद्धांत अवश्य साझा किए जा सकते हैं,जैसे मतदाता की पहचान की विश्वसनीय पुष्टि, मतदाता सूची का नियमित शुद्धिकरण, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतदान की ऑडिटेबिलिटी, मजबूत चैन ऑफ़कस्टडी और मतदाता पात्रता की स्पष्ट पुष्टि।भारत का अनुभव यह दिखाता है कि विशाल पैमाने पर चुनाव कराना केवल

कानून बनाने से संभव नहीं होता; इसके लिए चुनावी प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी प्रणाली, प्रशिक्षित कर्मचारियों, मतदाता सूची प्रबंधन और चरणबद्ध मतदान की विशाल मशीनरी चाहिए। यही भारत की वास्तविक चुनावी क्षमता है।

साथियों, दूसरी ओर अमेरिका की चिंता भी समझना जरूरी हैं, अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि लोकतंत्र में सबसे पहले यह सुनिश्चित होना चाहिए कि चुनाव का फैसला उन्हीं नागरिकों द्वारा किया जाए जिन्हें कानूनन मतदान का अधिकार प्राप्त है। व्हाइट हाउस ने इसी उद्देश्य से नागरिकता सत्यापन, मतदाता पहचान और मेल - बैलट सुरक्षा को प्रमुख चुनाव सुधार मुद्दा बनाया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मार्च 2026 में एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से संघीय चुनावों में नागरिकता सत्यापन और मेल /एब्सेंटी बैलट प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम भी उठाया था।लेकिन अमेरिकी व्यवस्था में राज्यों की संवैधानिक भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए संघीय स्तर पर एक समान कठोर नियम लागू करना राजनीतिक और कानूनी दोनों दृष्टि से जटिल विषय है। सेव एक्ट के समर्थक इसे चुनावी सुरक्षा की जरूरत बताते हैं, जबकि आलोचक इसे मताधिकार पर संभावित अतिरिक्त बोझ के रूप में देखते हैं। यही कारण है कि यह कानून अमेरिका में सिर्फचुनाव सुधार का विषय नहीं बल्कि मताधिकार, संघवाद और नागरिक स्वतंत्रता की बहस भी बन गया है।


साथियों बात अगर हम भारत के लिए भी यह आत्ममंथन का अवसर है इसको समझने की करें तो,ट्रंप की टिप्पणी को केवल भारत की प्रशंसा मानकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होगा।यह भारत के लिए भी आत्ममंथन का अवसर है। यदि विश्व का सबसे शक्तिशाली लोकतांत्रिक देश भारत की चुनावी पहचान प्रणाली से कोई तत्व सीखने योग्य मानता है,तो भारत को भी अपनी चुनावी व्यवस्था को लगातार अधिक पारदर्शी तकनीकी रूप से सुरक्षित और राजनीतिक रूप से विश्वसनीय बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।किसी भी लोकतंत्र की असली ताकत केवल इस बात में नहीं होती किचुनाव समय पर हो जाए; असली ताकत तब होती है जब मतदाता को विश्वास हो कि उसका नाम सही है, उसकी पहचान सुरक्षित है, उसका वोट सही तरीके से दर्ज हुआ है और परिणाम निष्पक्ष प्रक्रिया से निकला है। भारत ने दुनिया को सबसे बड़े पैमाने पर चुनाव कराने की क्षमता दिखाई है। अब अगली चुनौती इस क्षमता के साथ विश्वास की गहराई बढ़ाने की है।

लेखक



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 250



ck;I I nk;I !& 1) अगहन और पूस महीने की एक ऋतु 3) चारों ओर से खुला हवादार कमरा जिसमें बारह द्वार होते है 6) सागर, समुद्र 10) महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद के समीपस्थ इस स्थान में प्राचीन गुंफाएं है 14) स्त्री जाति का प्राणी 15) स्वतंत्रता, अपना राज्य 16) यायावर, एक घुमक्कड़ जाति 18) आसान, सरल 20) बादल का आवाज करना 22) भोजन करनेवालों की पंक्ति 24) तुरन्त चुकाया जानेवाला रुपया पैसा 25) चूर्ण 26) बनावटी 28) योग्यता (उर्दु) 30) यथाशक्य 32) भालू 34) संगीत के सात स्वरों के उतार – चढ़ाव का क्रम 38) कमल, पंकज 39) जंगल में लगनेवाली आग 41) श्रीविष्णु 43) श्रीरामजी का एक नाम 45) हुनर 47) पूरी तरह से नष्ट 49) गमन करना, प्रस्थान करना 50) बारीक सूजी 51) राजपूत स्त्री 53) अपरिचित 54) खैरात 55) छोटा भाई 57) महाराष्ट्र की एक जाति 58) और भी बुरा 60) एक रंग 61) आकाश, गगन 62) एक शिकारी पक्षी 63) सोने के रंग का 65) खाली समय 67) विवश 68) व्यर्थ, अकारण 71) महोदय 72) 'बनना' का भूतकाल 73) कठिन 74) गीत गानेवाला 75) व्यापारी 77) रामायण में राजा जनक के समधी 78) बुरी इच्छा 80) श्रीगणेश का एक नाम 83) पंजाब से बहनेवाली एक नदी 84) हिन्दूओं का एक प्रमुख त्यौहार 85) हजम करना 86) बातूनी,, बहुत बाते करनेवाला 87) वर्तमान दिन में, इस समय 88) चित्त, अन्तःकरण 89) ताड़ के वृक्ष से निकलनेवाला पौष्टिक रस 91) श्रीगणेश का प्रिय मिष्टान्न 93) बिलोना, दही में पानी डालकर लकड़ीनुमा उपकरण से हिलाना ताकि छाछ बन सकें 95) प्रकाशित, चमकीला 97) धरा, पृथ्वी 98) मां के पिता, नाना 101) पूर्णिमा की रात 103) सबूत 104) मृत्यु देवता 106) पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी द्वारा स्व. लालबहादूर शास्त्रीजी के नारे में किया गया परिवर्तन 111) पत्नी 113) अठराह पुराणों में से एक प्रसिद्ध पुराण 114) प्रतिशोध 115) एक प्रसिद्ध सूर्यवंशी राजा जिन्होने गंगा को धरती पर लाया था ऐसी धारणा है 116) तनाव

Åij I ulpi !& 1) फिल्म 'शोले' में बसंती तांगेवाली की भूमिका अदा करनेवाली अभिनेत्री 2) सस्ता, धीमा 3) वर यात्रा 4) राष्ट्र, जनपद, राजत्व 5) खारी को उल्टा कीजिए 6) नसीहत 7) रामायण में रावण की पत्नी 8) दस (सं. ) 9) घर, मकान 11) जंगली में रहनेवाला 12) धातु को खींचकर बनाया हुआ सूत 13) खो देना, गुमना 15) नाटक में अपने आपसे कहा गया कथन 17) सिक्ख धर्म के संस्थापक 18) पूर्णतया, साक्षात 19) मर्दुमशुमारी,, देश के लोगों की गिनती 21) पानी 22) पुराना दूरदर्शन धारावाहिक 'करमचंद' में शीर्षक भूमिका निभानेवाले अभिनेता 23) बल्कि 27) अल्प, न्यून 29) मित्र, प्रेमी,, दोस्त 30) छत्रपति शिवाजी महाराज की आराध्य देवी 31) साम्राज्य (उर्दू) 33) इकहरे बदन का 35) अरबी वर्ष का वह महीना जिसमें मुसलमान रोजा रखते है 36) छोटा, थोड़ा 37) फिक्र 40) चने की दाल का आटा 42) महीना 43) मार्गदर्शक 44) शूर, साहसी 46) चरण, पैर 48) सहस्त्र 51) अचूक (उपाय) 52) जलयान 53) वस्तुओं के परस्पर बदलने की क्रिया 54) एक अनाज, भोजन का एक पदार्थ 55) प्रभाव 56) लोक नायक 58) द्रव या पानी का प्रवाहित होना 59) ईश्वर, भगवान 60) शव 61) शुद्ध आचरण, पवित्रता 64) दृष्टि, निगाह 65) जिसका कोई पालनहार न हो 66) शरीर, वाणी और मन से (संस्कृत) 67) फायदा 69) अधिकार 70) जमीन खोदने का एक औजार 72) वट का वृक्ष 73) दुगुना 74) धेनु, गऊ 75) पति का दूसरी पत्नी 76) आमिर खान की एक सुपरहिट फिल्म 79) स्वामियुक्त, जिसका कोई नाथ हो 81) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धचन्द्रका टुकड़ा 82) सतर्क 83) समान आयु के 87) गरमी में मिलनेवाला एक फल 90) महर्षी वाल्मिकीद्वारा लिखा गया एक प्रसिद्ध महाकाव्य 91) श्रीकृष्ण का एक नाम 92) सेना या सिपाहियों के दल का कसरत करना 94) नाराज या क्रुद्ध होने का भाव या स्थिति 95) रुपया जमा करके लिखित रुप में ली गई किसी की जिम्मेदारी 96) शिवजी के सेवक 99) मुकूट 100) गुंडा, बदमाश 102) डरपोक 103) बुद्धि 105) सुस्त, धीमा 106) तनिक 107) जिस समय 108) गढ़, दुर्ग, विशाल भवन 109) मेघ, आकाश, आसमान 110) साथ या सहित (अंग्रेजी) 111) शरीर के त्रिदोषों में एक 112) घमंडी,, गर्वी,, अहंकारी (जवाब अगले अंक में )

## पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## प्यार से जीयो..

जिन्दगी के चार दिन
प्यार से जीयो
खुशगवार से जीयो
नगद नगद जीयो
मत उधार से जीयो।
समस्याएं कई आएंगी जाएंगी
दिन हसाएगा, रातें रूलाएंगी।
मगर कभी न
इनसे तुम घबराना
कुछ दिन तुम्हें यह आजमाएंगी।
साथ रहकर इनके
खबरदार से जीयो।
जिन्दगी के चार दिन
प्यार से जीयो।।
पराए मिलेंगे लोग
तुम्हें अपने भी।
सच मिलेंगे और कुछ सपने भी।
कुछ तुम्हारी राह में बाधक होगें
और कुछ देगें तुम्हें पनपने भी।
सजग रहो और
समझदार से जीयो।
जिन्दगी के चार दिन
प्यार से जीयो।।

बहकावे में कभी
किसी के मत आना।
जीवन का ध्येय हो चलते जाना।
आंधी, तूफान तुम्हें रोकेंगे-
रूकना नहीं है मंजिल पाना।
दिलों में रहो तुम
दिलदार से जीयो।
जिन्दगी के चार दिन
प्यार से जीयो।।

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)

## कजंत..

समपूरन बरसा कजन ना भइ अबकीदार।
दोई सा जै है बिगर परै गजब की मार।।

सुर सम्मत घर में कजन सुख सम्पत घर आय।
मिटै दीनता नन्द की अमन चैन सें राय।।

काँबडिया यात्रा करें तीरथ जाय कजंत।
शिव शंकर अभिषेक कर मिन्नत पाँय अनंत।।

कुरसी की लालच बडी दौड लगायी खूब।
रै गइ कमी कजंत तौ लुटिया जाबै डूब।।

भटके कजन सुधर्म सें भूल जावगे गैल।
कबहुँ सफलता ना मिलै सदा रहौगे फैल।।

रामानन्द पाठक नन्द






जग प्रेरणा


# व्यापार समाचार


● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## सेबी ने 1,000 करोड़ रुपये के कर्ज लेनदेन मामले में धेनु बिल्डकॉन के आवंटियों पर लगाई रोक..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***बाजार नियामक सेबी ने धेनु बिल्डकॉन इन्फ्रा के छह तरजीही आवंटियों को कंपनी के शेयर बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कंपनी में 1,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण के जरिये धन की हेराफेरी के प्रथम दृष्टया सबूत मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है।***





भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को पारित 112 पृष्ठ के अंतरिम आदेश में कहा कि कंपनी को दिसंबर, 2024 में आठ दिन के दौरान 46 लेनदेन के जरिये सात संस्थाओं से कथित तौर पर 1,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे।

हालांकि, बैंक खातों की जांच में पाया गया कि इस राशि के पीछे स्वतंत्र बाह्य स्रोतों से वास्तविक रूप से नई पूंजी के रूप में कोई समर्थन प्राप्त नहीं था।

नियामक ने कहा कि इसके बजाय शुरुआती 25 करोड़ रुपये की राशि की कई इकाइयों के माध्यम से हेराफेरी की गयी और अलग-अलग रास्तों से धेनु बिल्डकॉन इन्फ्रा में वापस लायी गयी। इससे ऐसा लगा कि कंपनी को कुल 1,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

सेबी के अनुसार, कथित कर्ज में से 840 करोड़ रुपये को बाद में तरजीही आवंटन के माध्यम से 5,91,54,92,940 इक्विटी शेयरों में परिवर्तित कर दिया गया।

जिन छह आवंटियों पर रोक लगाई गई है, उनमें गोलकोंडा एल्युमिनियम एक्सट्रूजंस, शांता एजेंसीज, श्री निवास लीजिंग एंड फाइनेंस, तियान कंज्यूमर, ट्विंकल मर्केंटाइल्स एंड क्रेडिट्स और उत्सव सिक्योरिटीज शामिल हैं। इन सभी के पास मिलकर डीबीआईएल की कुल समायोजित इक्विटी शेयर पूंजी का करीब 99.70 प्रतिशत हिस्सा है।

सेबी ने कहा कि 31 जुलाई, 2026 से पहले तीन महीने के मात्रा भारांश औसम कीमत (वीडब्ल्यूएपी) के आधार पर इन तरजीही शेयरों का बाजार मूल्य करीब 5,667.04 करोड़ रुपये था। नियामक की कार्रवाई 15 अगस्त को 'लॉक-इन' अवधि खत्म होने के बाद कुछ आवंटियों द्वारा शेयर बिक्री शुरू कर करने के बाद हुई। आदेश के अनुसार, इन संस्थाओं ने दो दिन की अवधि में कुल 17,444 शेयर बेचे, जिनकी कीमत 1.34 लाख रुपये थी।

सेबी ने कहा कि मौजूदा बाजार कीमतों पर इन शेयरों की बिक्री की अनुमति देने से भोले-भाले निवेशकों की कीमत पर करीब 5,667 करोड़ रुपये के अनुचित लाभ की संभावना बन सकती थी।

सेबी ने वीरेंद्र और सुरेंद्र जैन को कथित योजना में प्रमुख भागीदार के रूप में भी चिन्हित किया है। नियामक के अनुसार, प्रथम दृष्टया वे जुड़ी हुई संस्थाओं के नेटवर्क की स्थापना और संचालन, उनके वित्तीय एवं परिचालन नियंत्रण, बैंकिंग व्यवस्था और धन हस्तांतरण में शामिल थे।

इसके बाद बाजार नियामक ने छह आवंटियों को धेनु बिल्डकॉन इन्फ्रा लिमिटेड (डीबीआईएल) के शेयरों की बिक्री से प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं, दोनों व्यक्तियों को अगले आदेश तक प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री या किसी भी तरह के लेनदेन से रोक दिया गया है। सेबी ने डीबीआईएल को भी अगले आदेश तक पूंजी संरचना में बदलाव, बोनस शेयर जारी करने, राइट इश्यू, शेयर विभाजन या लाभांश जैसे कदम उठाने से रोक दिया है।

नियामक ने डीबीआईएल मामले में बाजार नियमों के संभावित उल्लंघन की जांच शुरू की थी।

यह जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) से 20 अप्रैल, 2026 को मिले संदर्भ के आधार पर शुरू की गई। सेबी ने यह जांच एक अगस्त, 2024 से 31 जुलाई, 2026 तक की अवधि के लिए की।

## आधी महिला किसानों की नहीं होती गिनती, उत्पादन में होता है दो लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान : रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***खेती-किसानी का काम करने वाली भारत की आधी महिलाओं को आधिकारिक तौर पर कृषक नहीं माना जाता है। पहचान की इस कमी के कारण देश को हर साल खेती के उत्पादन में 1.2 से दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।***



एग्री-कॉमर्स मंच आर्या.एजी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'हर हार्वेस्ट 2026: भारतीय कृषि में महिलाओं के अदृश्य कार्यों की छुपी लागत' शीर्षक की इस रिपोर्ट में पाया गया कि खेती में काम करने वाली 50.5 प्रतिशत महिलाओं को पारिवारिक खेतों में बिना वेतन के मदद करने वाले के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 21.7 प्रतिशत है।

सरकारी आंकड़ों में, 'मददगार' को 'खेती करने वाला' नहीं माना जाता है। जिस महिला को खेती करने वाला नहीं माना जाता, उसे ऋण, विस्तार सेवाएं, खरीद प्रणालियां, लागत सब्सिडी या उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता जो जमीन के मालिकाना हक के रिकॉर्ड के आधार पर दिए जाते हैं।

एफएओ के इस अनुमान को भारत के 48.7 लाख करोड़ रुपये के कृषि सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) पर लागू करने से सालाना नुकसान का आंकड़ा 1.2 से दो लाख करोड़ रुपये बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा इसलिए नहीं है कि महिलाएं कम कुशलता से खेती करती हैं, बल्कि इसलिए है क्योंकि वे कम संसाधनों के साथ खेती करती हैं।

यह रिपोर्ट सार्वजनिक डेटासेट और संस्थागत स्रोतों पर आधारित है, जिनमें पीएलएफएस 2023-24, कृषि जनगणना 2015-16, एफएओ, आईएलओ, भारत सरकार के स्रोत, आईएफसी और आर्या.एजी की जानकारियां शामिल हैं।

भारत में महिलाओं को रोजगार देने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र खेती ही है। देश की काम करने वाली महिलाओं में से 64.4 प्रतिशत खेती से जुड़ी हैं, जबकि 2017-18 में यह आंकड़ा 57 प्रतिशत था। ग्रामीण इलाकों में काम करने वाली महिलाओं के मामले में यह हिस्सेदारी बढ़कर 76.9 प्रतिशत हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे-जैसे पुरुष खेती से अलग काम के लिए शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, महिलाएं खेतों के रोजमर्रा के कामकाज को संभालने की जिम्मेदारी ज्यादा उठा रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिर भी, उन्हें उस हिसाब से पहचान नहीं मिली है। खेती-बाड़ी के काम में लगी कुल आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 48 प्रतिशत है, जो वर्ष 2017-18 में करीब 30 प्रतिशत थी।

लेकिन वे भारत की खेती वाली जमीन के सिर्फ 11.72 प्रतिशत हिस्से पर खेती करती हैं और 13.96 प्रतिशत खेती के लिए इस्तेमाल होने वाली जमीन की जोत की मालिक हैं। यानी, उनके योगदान और उनके नियंत्रण वाली जमीन के बीच चार गुना का अंतर है। रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे खेतों की पैदावार, पुरुषों द्वारा चलाए जा रहे उसी आकार के खेतों की तुलना में 24 प्रतिशत कम हो सकती है। यह अंतर काबिलियत की वजह से नहीं, बल्कि ऋण और खेती के जरूरी सामान तक समान पहुंच न होने की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला खेतिहर मजदूरों को पुरुषों के मुकाबले उसी काम के लिए 20-30 प्रतिशत कम मजदूरी मिलती है।

रिपोर्ट में महिलाओं को किसान के तौर पर मान्यता देने, महिला किसानों के लिए कृषि ऋण की सुविधाएं बढ़ाने, ड्रोन, सलाहकार सेवाओं और बाजार की प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

## आरबीआई ने महंगाई के जोखिमों के बीच 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनायाः बैठक ब्योरा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने मोटे तौर पर इस बात को स्वीकार किया है कि खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतों से महंगाई का जोखिम बना हुआ है, लेकिन व्यापक स्तर पर कीमतों में तेजी के पर्याप्त संकेत नहीं हैं।***





ऐसे में समिति ने 'देखो और इंतजार करो' के रुख के साथ ब्याज दरों को मौजूदा स्तर पर बनाए रखने का निर्णय किया। बुधवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने तीन से पांच अगस्त को हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया। समिति ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण ऊर्जा लागत में हुई बढ़ोतरी का व्यापक महंगाई दबाव पर असर देखने के लिए इंतजार करने का विकल्प चुना।

एमपीसी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। घरेलू मांग, निवेश और निर्यात ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया है।

हालांकि, वैश्विक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, मानसून और अल नीनो से जुड़े जोखिमों के कारण अनिश्चितता बनी हुई है।

बैठक के ब्योरे के अनुसार, मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने, अनिश्चितता बढ़ने और अब तक असामान्य मानसून के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष से जुड़े झटके के मामले में मौद्रिक नीति में बदलाव तब जरूरी होता है, जब इसके कारण महंगाई व्यापक रूप लेने लगे, मुद्रास्फीति की संभावनाएं अस्थिर हो जाएं या महंगाई लंबे समय तक बनी रहे। हालांकि, जोखिम मौजूद हैं, लेकिन अभी तक इसके सीमित प्रमाण ही मिले हैं।

मल्होत्रा ने कहा, ''वह नीतिगत दर में किसी भी बदलाव के लिए महंगाई के रुख पर और स्पष्टता आने का इंतजार करना चाहेंगे। इसके लिए यह देखना जरूरी होगा कि महंगाई के वास्तविक आंकड़े मौजूदा या ऊंचे स्तर पर कितने समय तक बने रहते हैं, पूर्वानुमान क्या संकेत देते हैं और महंगाई किस स्तर पर सामान्य होकर स्थिर होती है।''

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य लागत में बढ़ोतरी के कारण महंगाई के व्यापक रूप लेने और मुद्रास्फीति संबंधी संभावनाओं के अस्थिर होने का जोखिम बना हुआ है।

उन्होंने कहा, ''यदि ये जोखिम वास्तविक रूप लेते हैं तो नीति को सख्त करने की आवश्यकता पड़ सकती है।''

आरबीआई की डिप्टी गवर्नर और एमपीसी सदस्य पूनम गुप्ता ने कहा कि वैश्विक घटनाक्रम और मौसम संबंधी जोखिमों के कारण बनी अनिश्चितता को देखते हुए कुछ और समय तक इंतजार करना बेहतर होगा। इससे मौसम से जुड़ी अनिश्चितताओं के स्पष्ट होने, आपूर्ति पक्ष की महंगाई के स्थायी होने की स्थिति समझने और वैश्विक मोर्चे पर अधिक स्पष्टता मिलने में मदद मिलेगी।

आरबीआई के कार्यकारी निदेशक और एमपीसी सदस्य इंद्रनील भट्टाचार्य ने कहा कि अत्यधिक अनिश्चित माहौल में भविष्य की नीतिगत दिशा को लेकर स्पष्ट संकेत देने के बजाय नीति रूपरेखा के आधार पर मार्गदर्शन अधिक उपयोगी होगा।

उन्होंने कहा कि खाद्य और ईंधन महंगाई में तेजी का असर अभी सीमित रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि महंगाई अभी व्यापक नहीं हुई है।

एमपीसी के तीन बाहरी सदस्यों...नागेश कुमार, सौगत भट्टाचार्य और राम सिंह...ने भी रेपो दर में बदलाव नहीं करने के पक्ष में मतदान किया।

नागेश कुमार ने कहा कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि और महंगाई के अनुमान में मामूली सुधार को लेकर सतर्कता कम नहीं की जानी चाहिए। अल नीनो के कारण कृषि क्षेत्र का परिदृश्य अब भी अनिश्चित बना हुआ है, हालांकि जुलाई में देश के कई हिस्सों में मानसून की कमी की स्थिति में सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति से जुड़ी चिंताएं अभी खत्म नहीं हुई हैं। भारत ने आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाकर स्थिति से निपटने के प्रयास किए हैं, लेकिन व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ी हैं।''

सौगत भट्टाचार्य ने कहा कि पहले के अनुकूल स्तर से महंगाई के सामान्य होने के अनुमान को देखते हुए वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन पर लगातार निगरानी जरूरी होगी, ताकि नीतिगत दर में बदलाव का उचित समय तय किया जा सके।

राम सिंह ने कहा कि करीब सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के बावजूद मांग आधारित महंगाई के स्पष्ट संकेत नहीं दिख रहे हैं। लगातार कई तिमाहियों तक मूल (कोर) महंगाई चार प्रतिशत से नीचे रहने से संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था की संभावित वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति के लिहाज से इन सभी पहलुओं को समझना महत्वपूर्ण है और आने वाले आंकड़े काफी अहम होंगे।

## प्रिंट से तेज बढ़ेगी बड़े समाचारपत्रों की गैर-प्रिंट आय, 10-12 प्रतिशत वृद्धि का अनुमानः रिपोर्ट..

मुंबई, (भाषा)।

***देश के बड़े समाचारपत्र समूहों की गैर-प्रिंट कारोबार से होने वाली आय वित्त वर्ष 2024-25 से 2026-27 के दौरान 10-12 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि पारंपरिक प्रिंट कारोबार की अनुमानित राजस्व वृद्धि दो-तीन प्रतिशत रह सकती है।***



बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल मंच, बाहरी विज्ञापन और कार्यक्रम प्रबंधन जैसे गैर-प्रिंट कारोबार अब बड़े समाचारपत्र समूहों की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन कारोबार की कुल आय में हिस्सेदारी वर्ष 2019 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में करीब एक-चौथाई हो गई है।

क्रिसिल रेटिंग्स ने देश के सबसे अधिक प्रसार वाले पांच दैनिक समाचारपत्रों के प्रदर्शन के विश्लेषण के आधार पर कहा कि समाचार पाठकों की संख्या में लगातार कमी के बीच बड़े समाचारपत्र समूह अब केवल प्रिंट कारोबार पर ही निर्भर नहीं हैं।

रिपोर्ट कहती है कि बड़े समाचारपत्रों की प्रसार संख्या 2019 में 1.5 करोड़ थी लेकिन यह घटकर 2025 में एक करोड़ रह गई। डिजिटल मंचों की तरफयुवाओं के बढ़ते रुझान के कारण इस संख्या में आगे भी गिरावट आने की आशंका है।

पाठकों की संख्या में गिरावट के कारण पिछले सात वर्षों में प्रिंट विज्ञापन समेत प्रिंट संस्करण से जुड़ी आय सालाना आधार पर एक-दो प्रतिशत घट जाने का अनुमान है।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक एवं उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि पारंपरिक प्रिंट कारोबार पर 'संरचनात्मक दबाव' बना हुआ है। ऐसे में बड़े समाचारपत्र समूहों के लिए कारोबार में विविधता लाना अब विकल्प नहीं रह गया है। गुप्ता ने कहा, ''मजबूत ब्रांड, व्यापक क्षेत्रीय पहुंच और विज्ञापनदाताओं को प्रिंट, डिजिटल, रेडियो, कार्यक्रम और बाहरी मीडिया को एकीकृत सेवाओं के रूप में उपलब्ध कराने की क्षमता गैर-प्रिंट आय में तेज वृद्धि के प्रमुख कारण हैं।''

रिपोर्ट के मुताबिक, समाचारपत्रों के गैर-प्रिंट कारोबार बढ़ने के बावजूद ये उतने लाभदायक नहीं हैं। बाहरी विज्ञापन और कार्यक्रम प्रबंधन कारोबार में अधिक लागत आने और कड़ी प्रतिस्पर्धा होने के कारण लाभ कम रहता है। लेकिन डिजिटल कारोबार के विस्तार और बड़े स्तर पर संचालन से मिलने वाले लाभ के कारण गैर-प्रिंट कारोबार का मार्जिन 12-13 प्रतिशत पर बने रहने की उम्मीद है। क्रिसिल ने कहा कि आय के बदलते स्वरूप के बावजूद बड़े प्रकाशकों की ऋण साख मजबूत बने रहने की उम्मीद है। कम कर्ज वाले पूंजीगत ढांचे, शुद्ध नकदी की स्थिति और पर्याप्त नकद निवेश के कारण उनके पास प्रिंट कारोबार से होने वाली आय में नरमी के बीच भी निवेश करने की वित्तीय क्षमता है।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक अंकित हखू ने कहा, ÷साख की मजबूती प्रिंट कारोबार की दिशा से कम और बही-खाते की मजबूती से अधिक तय होगी।÷

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि समाचारपत्रों को प्रसार में गिरावट अनुमान से अधिक तेज रहने, डिजिटल मंचों से कमाई में धीमी वृद्धि और गैर-प्रिंट कारोबार को बड़े स्तर पर पहुंचाने में देरी जैसे पहलुओं पर नजर रखनी होगी।

## नवोन्मेष, डिजाइन, वैश्विक ब्रांडिंग से 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है आभूषण निर्यातः वाणिज्य सचिव..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि नवोन्मेष, ब्रांडिंग और वैश्विक स्तर के डिजाइन के जरिये एक व्यापक परिवेश विकसित करने से भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात वर्ष 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।***

इस क्षेत्र का निर्यात वर्ष 2025-26 में 28 अरब डॉलर रहा था। एक अनुमान के मुताबिक, 2040 तक यह क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.2 प्रतिशत का योगदान देगा और देश के कुल वस्तु निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 14 प्रतिशत होगी।

अग्रवाल ने चिंतन शिविर में क्षेत्र के निर्यातकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को 100 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचाने की वास्तविक क्षमता नवोन्मेष, वैश्विक डिजाइन नेतृत्व और भरोसे पर आधारित व्यापक परिवेश के निर्माण में है।

उन्होंने कहा कि भारत की ताकत सोने, चांदी या कच्चे हीरों के खनन में नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में उपलब्ध कुशल कारीगरों में है। अधिक संपदा सृजन का रास्ता केवल सामान्य विनिर्माण से नहीं, बल्कि डिजाइन, नवोन्मेष और वैश्विक ब्रांड निर्माण से निकलेगा।

वाणिज्य सचिव ने मानव संसाधन में निवेश, कौशल विकास और उत्पादों को अलग पहचान देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और 3डी प्रिंटिंग जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और कहानियों को आभूषणों के डिजाइन में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे देश की सांस्कृतिक पहचान और प्रभाव को मजबूती मिले।

उन्होंने घरेलू और निर्यात बाजारों में पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी आधारित भरोसेमंद व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई, ताकि नई पीढ़ी की बदलती पसंद के अनुरूप उत्पाद तैयार किए जा सकें।

चिंतन शिविर का आयोजन पांच प्राथमिकता वाले मिशन के आधार पर किया गया था। इनमें वैश्विक बाजार तक पहुंच, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का विस्तार, निर्यात-आयात प्रक्रियाओं को तेज करना और कौशल विकास जैसे विषय शामिल थे।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# डोरली में महिला समूह ने उठाई शराबबंदी की आवाज, गांव में नहीं बिकेंगी अवैध शराब..

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत डोरली में शराबबंदी को लेकर महिला समूह एवं ग्राम संगठन के नेतृत्व में 19 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई।***





बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत डोरली की सरपंच श्रीमती सुकीबाई नाकतोड़े ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जप सदस्य रेवाजी करहाटकर उपस्थित रहे। बैठक में स्व-सहायता समूह ग्राम संगठन की अध्यक्ष अनीताबाई करहाटकर, महिला पंच एवं समूह की सदस्यों सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम डोरली में शराब की बिक्री पर रोक लगाने तथा ग्रामीणों को शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस दौरान पैकारों को ग्राम पंचायत भवन में बुलाकर समझाइश दी गई। उन्हें स्पष्ट रूप से कहा गया कि वे आगे से शराब का विक्रय नहीं करेंगे और न ही ठेकेदारों से शराब खरीदकर बेचेंगे। उपस्थित लोगों ने इस बात पर सहमति जताते हुए संकल्प लिया कि आज के बाद वे शराब नहीं बेचेंगे। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि भविष्य में किसी व्यक्ति द्वारा शराब का विक्रय किया जाता है, तो महिला समूह एवं ग्रामीणजन मिलकर ग्राम स्तर पर उचित निर्णय लेंगे।

### शराब से होने वाले नुकसान पर भी हुई चर्चा..

बैठक में शराब के सेवन और अवैध बिक्री से होने वाले सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शराब के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है, घरेलू विवाद बढ़ते हैं तथा व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। लंबे समय तक शराब का सेवन करने से यकृत, हृदय और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं, हिंसा और सामाजिक अपराधों की आशंका भी बढ़ती है। महिलाओं और बच्चों पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए गांव में शराबबंदी के लिए सामूहिक जागरूकता और सामाजिक सहयोग जरूरी है।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति..

बैठक में ग्राम पंचायत डोरली की सरपंच श्रीमती सुकीबाई नाकतोड़े, सचिव कुमारी जागृति तिवारी, रेवाजी करहाटकर, अनीताबाई करहाटकर, गीताबाई करहाटकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिशुकला बंसोड़, करुणा नाकतोड़े, कौशलबाई नाकतोड़े, लक्ष्मीबाई ठाकरे, वैशाली नाकतोड़े, संगीता वाकड़े, भुवनेश्वरी भांडे, श्याम पिलारे, तुलसीबाई भज्जे, ममता मिश्रा, गीता नाकतोड़े, सीतारामजी सिसोदिया, मेहतर लुटे, मोहन लुटे, किशोर करहाटकर, देवेंद्र बागमारे एवं शोभाराम कोरे सहित महिला समूह की सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में ग्रामीणों एवं महिला समूह के सदस्यों ने ग्राम डोरली को शराबमुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

# साड़रा में सुंदर गांव, विकसित ग्राम की कल्पना के साथ हुआ अखंड रामायण पाठ

### ग्रामीणों ने युवाओं और बच्चों को संस्कार के साथ आगे बढ़ाने का लिया संकल्प..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम साडरा में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन***









लाइफ़ फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 18 अगस्त से शुभारंभ होकर 19 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ।अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की पूजा अर्चना की गई। नगर कीर्तन साथ निकली यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया।

### योग शिविर-स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन की ओर एक कदम..

'योग अपनाएं, निरोग रहें – स्वस्थ जीवन की यही पहचान।'आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना हर उम्र के व्यक्ति के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आयोजित योग शिविर में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गांव का संदेश..

कार्यक्रम के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने की अपील की गई। स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया गया।

### पौधारोपण अभियान – हर पौधा, धरती के भविष्य की उम्मीद..

'एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन अपनाएं।' अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ एवं सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना और अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प भी लिया

### महिलाओं ने हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम से दिया संस्कार और समरसता का संदेश..

भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवार में प्रेम, संस्कार, सहयोग एवं आदर्श व्यवहार बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिवार की सुख-समृद्धि एवं सामाजिक सद्भाव की कामना की गई।

### बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम..

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सांस्कृतिक गतिविधियों से संदेश दिया गया कि आज बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी ग्राम के ही बच्चे ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी का पूर्ण सहयोग रहा।

### ग्राम कुम्हारीकला में अखण्ड पाठ का शुभारंभ..

इसी क्रम में ग्राम कुम्हारीकला में स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से 19 अगस्त 2026 को संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 20अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया गया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस आयोजन में सहभागिता का आग्रह किया।

# सड़को पर आवारा पशुओं की धमाचौकडी, नगर परिषद को बड़ी दुर्घटना का इंतजार..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्मनगरी लांजी की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का बढ़ता जमावड़ा आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है।***






नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों और गली-मोहल्लों में मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठे और खड़े नजर आ रहे हैं। अचानक सड़क पर आने वाले मवेशियों के कारण वाहन चालकों को बचकर निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समस्या के चलते कई बार सड़क हादसों की स्थिति बन चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नगर की हाका गैंग सक्रिय नजर नहीं आ रही है। इससे लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। आवारा मवेशियों के कारण नगर के व्यापारी भी खासे परेशान हैं। दुकानों और प्रतिष्ठानों के सामने मवेशियों के बैठे रहने से ग्राहकों को आवागमन में परेशानी होती है, वहीं कई बार मवेशियों के दुकानों में घुसने से सामान खराब होने की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

### नगर की स्वच्छता व्यवस्था भी हो रही प्रभावित..

दूसरी ओर सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर मवेशियों के गोबर करने से गंदगी फैल रही है, जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मवेशी मालिक भी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं और पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। भूखे-प्यासे मवेशी भोजन की तलाश में सड़कों और बाजारों में घूमते रहते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों को पकडने के लिए तत्काल विशेष अभियान चलाया जाए और हाका गैंग को नियमित रूप से सक्रिय किया जाए।

### मवेशी छोडने वाले पशु मालिकों पर कार्यवाही मांग..

वाहन चालकों के साथ नगरवासियों ने नगर में खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि समस्या पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके। नागरिकों का कहना है कि आवारा मवेशियों का मुद्दा अब केवल यातायात की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह जन-सुरक्षा, व्यापार और नगर की स्वच्छता से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। ऐसे में प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

### बोले सीएमओ मयुर वाहने..

अभी कुछ दिनों पूर्व ही लगभग एक दर्जन आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस पहुंचाया गया था, नगर में हाका गैंग पूरी तरह सक्रिय है और जिन स्थानों से शिकायते मिलेंगी वहां से मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस पहुंचाया जाएगा एवं मवेशी मालिकों को भी इस संबंध में हिदायत दी जाएगी ताकि यातायात सुगम हो सके।

# कोटेश्वर धाम में 24 को रक्तदान शिविर

जगप्रेरणा लांजी।






रक्तदान को महादान कहां जाता है, क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन अथवा आपातकालीन स्थिति में समय पर उपलब्ध रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान न केवल किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानव सेवा का भी श्रेष्ठ उदाहरण है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए श्रावण माह के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल लांजी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल लांजी के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त 2026, सोमवार को कोटेश्वर धाम मंदिर लांजी में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से सायंकाल 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। रक्तदान करने से समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता के साथ आपातकालीन परिस्थितियों के लिए रक्त की उपलब्धता बनाए रखने में भी सहयोग मिलता है। स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति द्वारा नियमित अंतराल पर किया गया रक्तदान मानव सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। आयोजक समिति ने क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। समिति ने नागरिकों से 'रक्तदान करें, जीवनदान करें' का संदेश देते हुए इस पुनीत सामाजिक कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

# हैदराबाद बस में युवक की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत, पुलिस द्वारा जांच जारी..

जगप्रेरणा लांजी।

***हैदराबाद से लांजी आ रही निजी ट्रैवल्स की बस में एक यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लांजी पहुंचने के बाद जब यात्री बस से नीचे नहीं उतरा तो बस में मौजूद कर्मचारियों ने उसकी जांच की, जहां यात्री का शव स्लीपर***



सीट पर अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर लांजी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यात्री की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आशीष पिता अरुण वासनिक 45 वर्ष निवासी कंपाउंडर टोला वार्ड नं. 6 बैहर के रूप में हुई है। आशीष पिछले कुछ समय से हैदराबाद में रहकर मजदूरी का काम करता था। वह 18 अगस्त की शाम करीब 5.30 बजे हैदराबाद से लांजी के लिए चलने वाली निजी ट्रैवल्स की बस में सवार हुआ था।

लांजी पहुंचने पर जब वह बस से नहीं उतरा तो उसे देखने पर स्लीपर सीट पर उसका शव मिला। मृतक की भाभी सुनीता वासनिक ने फोन पर बताया कि आशीष की तबीयत करीब एक सप्ताह से खराब चल रही थी। हैदराबाद से रवाना होने से पहले और उसी शाम परिजनों की उससे फोन पर बातचीत भी हुई थी। आशीष परिवार में मंझला बेटा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बैहर से लांजी के लिए रवाना हो गए। बताया गया है कि मृतक की पत्नी और बच्चे काफी समय पहले ही उसे छोड़ चुके हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद लांजी पुलिस ने शव को बरामद कर परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई मनीष वासनिक के पहुंचने के बाद सिविल अस्पताल लांजी में पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आशीष की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# हरियाली तीज पर महिलाओं ने झूला सिंजारा झुला

### अग्रवाल महिला मंडल का आयोजन..

जगप्रेरणा लांजी।





अग्रवाल समाज महिला मंडल लांजी द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर सिंजारा झूला एवं हरियाली तीज उत्सव का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन लांजी में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। आयोजन में अग्रवाल समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक संस्कृति, आपसी प्रेम और सामाजिक एकजुटता की सुंदर झलक देखने को मिली। हरियाली तीज के अवसर पर अग्रसेन भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान एवं श्रृंगार के साथ उत्सव में भाग लिया। सिंजारा झूले पर झूलते हुए महिलाओं ने तीज के पारंपरिक गीतों का आनंद लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। महिलाओं ने गीत-संगीत, नृत्य एवं अन्य कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों और आधुनिक मनोरंजन का सुंदर संगम देखने को मिला।

समाज महिला मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाली तीज केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला उत्सव भी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हुए तीज पर्व की परंपरा को जीवंत किया। अग्रसेन भवन में देर तक उत्सव का माहौल बना रहा और पूरा परिसर हंसी-खुशी एवं उल्लास से सराबोर नजर आया।

### पूर्व सरपंच मोहनलाल येड़े का दु:खद निधन..

जगप्रेरणा लांजी।



क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलपाथरी के निवासी पूर्व सरपंच मोहनलाल पिता कुंवरलाल येड़े का बुधवार 19 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि लगभग 2.30 बजे अस्वस्थता के चलते 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्रियों नाती पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार आज 20 अगस्त को 11 बजे स्थानीय मोक्ष धाम कलपाथरी मे सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार किया जायगा। आपके निधन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नाते रिस्तेदारों के द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए. ईश्वर से मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने तथा इस दुःख की घड़ी मे परिजनों को संबल प्रदान करने प्रार्थना की है।



मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हर मौसम में गर्म रहता है इस कुंड का पानी, वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए पूरा रहस्य..

### मंडला का अनोखा गर्म पानी कुंड बना पर्यटन और आस्था का केंद्र..



जगप्रेरणा मंडला।

*मध्यप्रदेश के मंडला जिले में स्थित गर्म पानी कुंड प्रकृति का एक ऐसा अनोखा उपहार है, जो वर्षों से लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।*

मंडला-जबलपुर मार्ग पर ग्राम बबेहा के समीप स्थित यह कुंड जिला मुख्यालय से लगभग 18 से 20 किलोमीटर की दूरी पर है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि कड़ाके की ठंड, मूसलाधार बारिश या भीषण गर्मी–किसी भी मौसम में इस कुंड का पानी ठंडा नहीं पड़ता और हमेशा गर्म बना रहता है। इसी विशेषता के कारण यह स्थान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह कुंड वर्षों पुराना है और इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने से विभिन्न प्रकार के चर्म रोगों में राहत मिलती है। इसी विश्वास के चलते मंडला ही नहीं बल्कि जबलपुर, डिंडौरी, बालाघाट, सिवनी और अन्य जिलों से भी लोग यहां स्नान करने और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। गर्म पानी कुंड नर्मदा नदी और बरगी बांध के बैकवॉटर क्षेत्र के निकट स्थित है। चारों ओर हरियाली, शांत वातावरण और प्राकृतिक दृश्य इस स्थान की सुंदरता को और बढ़ा देते हैं। छुट्टियों तथा सर्दियों के मौसम में यहां पर्यटकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिलती है। कई लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ यहां पिकनिक मनाने भी पहुंचते हैं।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो विशेषज्ञों का मानना है कि धरती के भीतर मौजूद सल्फर युक्त चट्टानों और खनिजों के कारण इस कुंड का पानी गर्म रहता है। सल्फर युक्त जल त्वचा संबंधी कुछ समस्याओं में लाभकारी माना जाता है। मंडला जिला प्रशासन की जानकारी के अनुसार इस कुंड के पानी पर समय-समय पर अध्ययन भी किए गए हैं और इसे औषधीय महत्व का जल स्रोत माना जाता है।

इतिहासकारों और स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार बरगी बांध के निर्माण से पहले यह कुंड सामान्य स्वरूप में था, लेकिन जलभराव के कारण इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। बाद में स्थानीय लोगों और प्रशासन के प्रयासों से इसका संरक्षण किया गया और वर्तमान स्वरूप प्रदान किया गया। आज यह स्थान एक छोटे से द्वीप जैसी आकृति में दिखाई देता है और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

गर्म पानी कुंड केवल एक पर्यटन स्थल ही नहीं बल्कि आस्था, प्रकृति और विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। जहां एक ओर लोग इसे चमत्कारी मानते हैं, वहीं दूसरी ओर वैज्ञानिक इसके पीछे मौजूद प्राकृतिक कारणों को समझने का प्रयास करते हैं। मंडला आने वाले पर्यटकों के लिए यह स्थान एक विशेष आकर्षण बना हुआ है और जिले की पर्यटन पहचान को नई ऊंचाई दे रहा है।

ग्राम बबेहा के समीप स्थित गर्म पानी कुंड, जहां सालभर गर्म जल निकलता रहता है और बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# लगातार बारिश के बीच कलेक्ट्रेट मार्ग पर गिरा विशाल कंजी का पेड़, कुछ देर बाधित रहा यातायात



जगप्रेरणा मंडला।

जिले में लगातार हो रही बारिश का असर अब जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। बुधवार सुबह से जारी बारिश के बीच मंडला शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल कलेक्ट्रेट मार्ग पर एक विशाल कंजी का पेड़ अचानक मुख्य सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह प्रभावित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन पेड़ की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह से हो रही लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं। इसी दौरान अचानक पेड़ भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। कलेक्ट्रेट मार्ग शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है, जहां से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क पर पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने मशीनों और उपकरणों की सहायता से पेड़ को काटकर हटाने की कार्रवाई शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को पुनः यातायात के लिए सुचारु किया गया। प्रशासन ने लोगों से बारिश के दौरान बड़े और पुराने पेड़ों के आसपास सावधानी बरतने की अपील भी की है।

### जिले में लगातार जारी है बारिश का दौर..

मंडला जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान 0.32 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जबकि बुधवार सुबह से रुक-रुक कर लगातार बारिश जारी रही। बारिश के चलते नदी-नाले और जलाशयों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। भू-संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 19 अगस्त 2026 तक जिले में कुल 31.35 इंच वर्षा दर्ज की गई है। यह आंकड़ा जिले की सामान्य वर्षा 33.62 इंच से अभी कम है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में लगभग 48.79 इंच वर्षा दर्ज की गई थी, जो इस वर्ष की तुलना में काफी अधिक थी।

### 22 अगस्त तक बारिश के असर..

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी मंडला जिले में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 22 अगस्त तक जिले में वर्षा का मौसम बना रहेगा, जबकि 19 अगस्त को भारी बारिश की संभावना भी व्यक्त की गई है। मौसम विशेषज्ञों ने नागरिकों को खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

लगातार बारिश के बीच कलेक्ट्रेट मार्ग पर पेड़ गिरने की घटना ने एक बार फिर यह संकेत दिया है कि मानसून के दौरान पुराने और कमजोर पेड़ों से खतरा बढ़ सकता है। समय रहते पेड़ों की जांच और आवश्यक प्रबंधन किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# 12 कृषि सखियों को एक साल से नहीं मिला मानदेय, 125 किसानों की प्रोत्साहन राशि भी अटकी

### आत्मा संस्था पर लापरवाही का आरोप, भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा मण्डला।

केंद्र सरकार की प्राकृतिक खेती योजना के तहत किसानों को जागरूक करने और प्रशिक्षण देने वाली कृषि सखियां स्वयं आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। विकासखंड मवई की 12 कृषि सखियों ने आरोप लगाया है कि उनसे लगातार कार्य तो कराया गया, लेकिन जुलाई 2025 से अब तक उनका पूरा मानदेय और अन्य देय राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस संबंध में सोमवार को कृषि सखियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की।

किसान गर्जना संगठन से जुड़ी कृषि सखियां आकांक्षा बघेल, हेमवती माधवे, देवकुमारी यादव, अंजूलता रजक, अमरवती परते सहित कुल 12 कृषि सखियों ने बताया कि उन्हें सितंबर 2025 में कृषि विज्ञान केंद्र तिंदनी में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सखियों के अनुसार उन्होंने मवई विकासखंड के विभिन्न गांवों में 125 किसानों का चयन कर उन्हें प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण, मृदा परीक्षण, उन्नत बीजों के उपयोग तथा अन्य कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कई स्थानों पर चौपाल आयोजित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए तथा 30 किसानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### मानदेय और उपकरण राशि का भुगतान नहीं..

कृषि सखियों का कहना है कि आत्मा संस्था **(ATMA)** एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन **(NMNF)** के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 5 हजार रुपये मानदेय, एंड्रॉयड मोबाइल खरीदने के लिए 4 हजार रुपये तथा जैविक खाद निर्माण उपकरण हेतु 4 हजार रुपये दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। प्रारंभिक तीन माह का मानदेय मिलने के बाद अक्टूबर 2025 से अब तक किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।

### 125 किसानों की राशि भी अटकी..

ज्ञापन में बताया गया है कि प्राकृतिक खेती से जुड़े 125 किसानों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी अब तक स्वीकृत नहीं हुई है। जब इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई तो बताया गया कि मवई विकासखंड के 125 किसानों के क्लस्टर का अनुमोदन नहीं हो पाया, जिसके चलते योजना से मवई को हटा दिया गया और भुगतान प्रक्रिया रुक गई।

### अन्य क्षेत्रों में भुगतान, मवई की उपेक्षा..

कृषि सखियों ने आरोप लगाया कि मंडला जिले के अन्य विकासखंडों सहित प्रदेश के कई जिलों में कृषि सखियों को मानदेय एवं अन्य सहायता राशि का भुगतान किया जा चुका है, जबकि मवई विकासखंड की सखियों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब उन्हें कार्य नहीं करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

### 15 दिन में भुगतान नहीं तो कानूनी कार्रवाई..

कृषि सखियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 15 दिनों के भीतर बकाया मानदेय, मोबाइल सहायता राशि, उपकरण राशि तथा किसानों की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं कराया गया तो वे आत्मा संस्था के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने को बाध्य होंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार अभियान चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली महिलाओं को उनका हक नहीं मिल रहा है। कृषि सखियों ने मामले की जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# गोबर से बनी वैदिक राखियों की कलेक्टर ने की सराहना, लगाया जाएगा विशेष स्टॉल..

### समूह की दीदियों ने कलेक्टर को भेंट किया वैदिक राखियों का गिफ्ट हैम्पर..




जगप्रेरणा मंडला।

नैनपुर विकासखंड के ग्राम सर्री की स्वदेशी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समूह की दीदियों ने गाय के गोबर से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल वैदिक राखियों का गिफ्ट हैम्पर कलेक्टर को भेंट किया।

कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे इस अभिनव एवं स्वदेशी प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार की जा रही ऐसी इको-फ्रेंडली राखियां पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल हैं।

कलेक्टर ने वैदिक राखियों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी समय-सीमा की बैठक में योजना भवन परिसर में वैदिक राखियों का विशेष स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। इससे स्थानीय उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने और समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री का बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है।

कलेक्टर से मुलाकात के दौरान स्वदेशी स्वयं सहायता समूह की सदस्य सुमन बंदेवार, रागनी अवधिया, संगीता सिंगराहा, मुस्कान रघुवंशी, पूनम रघुवंशी, रचना भांवरे एवं निकिता उलारी उपस्थित रहीं।

# शासकीय आईटीआई मंडला में प्लेसमेंट ड्राइव, 60 अभ्यर्थियों का चयन..

जगप्रेरणा मंडला।

*शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडला में मारुति सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।*

रोजगार के अवसर हासिल करने के लिए आईटीआई मंडला के विभिन्न ट्रेडों से पासआउट 85 अभ्यर्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में हिस्सा लिया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप के दौरान 21 हजार 200 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। वहीं एफटीसी के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 28 हजार 300 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसके साथ ही कंपनी द्वारा अभ्यर्थियों को अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्लेसमेंट ड्राइव में बड़ी संख्या में आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं की सहभागिता रही। 60 अभ्यर्थियों के चयन से युवाओं में रोजगार को लेकर उत्साह देखा गया।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की अंतिम सूची जारी..

### एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन दर्ज कराएं दावा-आपत्ति, ऑफलाइन आपत्तियां नहीं होंगी मान्य..

जगप्रेरणा मंडला।

*महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना बीजाडांडी के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अनंतिम सूची एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर प्रकाशित कर दी गई है।*

आवेदिकाएं अनंतिम सूची के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना बीजाडांडी सुश्री मनीषा तिवारी ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 3 पद तथा आंगनवाड़ी सहायिका के 4 पद, इस प्रकार कुल 7 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से अनंतिम सूची 18 एवं 19 अगस्त 2026 को प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि अनंतिम सूची के संबंध में प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियां केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। कार्यालय में ऑफलाइन प्रस्तुत की गई दावा-आपत्तियां मान्य नहीं की जाएंगी। इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकती हैं। विभाग के अनुसार, जिन ग्रामों में विशेष जनजाति बैगा वर्ग की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं और वे नियुक्ति संबंधी निर्धारित पात्रता पूरी करती हैं, उन्हें नियमानुसार प्राथमिकता प्रदान की गई है। आवेदिकाओं से अपील की गई है कि वे अनंतिम सूची का अवलोकन कर लें और यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें।




# रमपुरा और लिमरुआ में आबकारी विभाग की दबिश



### अवैध मदिरा बरामद..

जगप्रेरणा मंडला।

अवैध शराब के विक्रय एवं संग्रहण के खिलाफआबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए रमपुरा और लिमरुआ क्षेत्र से अवैध मदिरा बरामद की है। कार्रवाई कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुश्री शैली सैयाम के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के सहयोग से की गई।

रमपुरा क्षेत्र में सड़क किनारे एक व्यक्ति के कब्जे से बिक्री के लिए रखी देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। मामले में आरोपी रतन सिंधिया के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह लिमरुआ क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान बसंत टेकाम के कब्जे से 5 लीटर कच्ची मदिरा बरामद की गई। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापना के लिए 21 अगस्त तक आवेदन

### कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध कराने की योजना, 40 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान..

जगप्रेरणा मंडला।

किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र किराए पर आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए पात्र आवेदकों से 21 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले में कुल 20 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत श्रेणीवार केंद्रों का आवंटन किया गया है। सामान्य वर्ग के लिए 13, अनुसूचित जनजाति के लिए 4 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 3 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के लिए भी केंद्र का प्रावधान किया गया है।

### 25 लाख तक की परियोजना पर 40 प्रतिशत अनुदान..

योजना के अंतर्गत '10 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजना लागत पर लाभार्थियों को 40 प्रतिशत तक अनुदान' प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र आवेदक 7 अगस्त से 21 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 22 अगस्त को होगी कंप्यूटरीकृत लॉटरी..

प्राप्त आवेदनों में से जिलेवार प्राथमिकता सूची का निर्धारण 22 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल में कंप्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी का परिणाम उसी दिन शाम 4 बजे से विभागीय पोर्टल **chc. mpdage. org** पर देखा जा सकेगा। चयनित आवेदकों को '24 एवं 25 अगस्त 2026' को अपने मूल अभिलेखों का सत्यापन कराने के साथ निर्धारित बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा।

### एक व्यक्ति केवल एक स्थान से कर सकेगा आवेदन

विभाग ने स्पष्ट किया है कि एक व्यक्ति केवल *एक जिले अथवा एक ग्राम* के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक स्थानों पर आवेदन किए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के सभी आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। सफल अभ्यर्थियों द्वारा जमा की गई धरोहर राशि कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के बाद वापस कर दी जाएगी। वहीं निर्धारित अवधि में केंद्र की स्थापना नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी। विभाग ने पात्र किसानों, उद्यमियों एवं संबंधित संस्थाओं से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने की अपील की है।

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल करे सरकार : देवेंद्र मच्छिरके

## लोधी समाज सेवा समिति आमगांव कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गई 195वीं जयंती..



जगप्रेरणा आमगांव।

***लोधी समाज सेवा समिति आमगांव के कार्यालय में सोमवार को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता लोधी समाज सेवा समिति आमगांव के अध्यक्ष प्रा. जागेश्वर लिल्हारे ने की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में लोधी समाज सेवा समिति आमगांव के संयोजक एवं वीरांगना रानी अवंती विद्यालय के संचालक देवेंद्र मच्छिरके, आलोक की वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष सौ. सुखवंता सुलाखे, आलोक के संयोजक रोशनलाल लिल्हारे, आलोक महाराष्ट्र प्रदेश के महासचिव ज्ञानीराम बनोठे, लोधी समाज सेवा समिति के संचालक केवलचंद मच्छिरके, तोशलाल लिल्हारे, रामचंद लिल्हारे, नवोदय विद्यालय समिति के तालुकाध्यक्ष युवराज बसोने, आलोक महाराष्ट्र प्रदेश के राज्य मीडिया प्रभारी राजकुमार बसोने, सेवानिवृत्त उच्चश्रेणी मुख्याध्यापक आर.एम. कोरे, भूषण लिल्हारे सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान लोधेश्वर, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी एवं शिक्षा महर्षि ब्रह्मानंद महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

### 'शौर्य और बलिदान का इतिहास विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए'..

इस अवसर पर देवेंद्र मच्छिरके ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी ने अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और साहस की प्रेरणा देता है। उन्होंने मांग की कि महाराष्ट्र सरकार वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के शौर्य एवं बलिदान के इतिहास को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल करे, ताकि राज्य के विद्यार्थियों को उनके महान योगदान की जानकारी मिल सके और युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके।

अध्यक्षीय संबोधन में प्रा. जागेश्वर लिल्हारे ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी के साहस और पराक्रम से युवाओं को प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे महान वीर-वीरांगनाओं के इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का संचालन लोधी समाज सेवा समिति आमगांव के सचिव रोशन गराडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आलोक महाराष्ट्र प्रदेश के संयोजक रोशनलाल लिल्हारे ने किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उनके शौर्य एवं बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया





जगप्रेरणा आमगांव।

***श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में भारत का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।***

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि श्री सतीश असाटी एवं श्रीमती गीता देवी कलंत्री के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थोर स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन मंडल के श्री लिलाधर कलंत्री, श्री राजेश गोयल, डॉ. विकास जैन, डॉ. जितेंद्र वाळके, डॉ. ललित कलंत्री, डॉ. लता जैन एवं डॉ. भाग्यश्री वाळके प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती स्मृति छपरिया ने भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराते हुए देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यार्थियों स्मित पटले, दक्ष अग्रवाल, कृषिका फुंडे, वर्तिका अग्रवाल एवं अक्षिता वासनिक ने आत्मविश्वासपूर्वक किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंग्रेजी भाषण - काव्या माहुरे, हिंदी भाषण - सृष्टि सुमन, मराठी भाषण ङ्क आर्या खांडवाये, तथा पूर्व-प्राथमिक वर्ग की ओर से विशेष स्वतंत्रता दिवस भाषण - सारांश असाटी ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेष प्रार्थना - निर्मये अधिकारी तथा प्रतिज्ञा-अदिति मोदी द्वारा कराई गई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य, प्रभावशाली भाषण, नाटिका एवं मार्शल आर्ट का शानदार प्रदर्शन कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। मार्शल आर्ट के प्रदर्शन ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों की खूब सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में आर्या असाटी ने आभार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभाग से विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने विशेष परिश्रम किया। पूरे कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को और अधिक मजबूत किया।

# साखरीटोला महाविद्यालय व पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



जगप्रेरणा सालेकसा।

***अष्टविनायक बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था, आमगांव द्वारा संचालित साखरीटोला महाविद्यालय*** एवं श्री साखरीटोला पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त 2026, शनिवार को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री साखरीटोला पब्लिक स्कूल की मुख्याध्यापिका माननीय एस. व्ही. सुलाखे मैडम ने की। ध्वजारोहण पत्रकार संघ एवं दैनिक लोकमत समाचार, सालेकसा के प्रतिनिधि माननीय गणेश भदाडे सर के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता शामलालजी दोनोडे उपस्थित रहे। इसके साथ ही महाविद्यालय एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमाओं का पूजन कर की गई। इसके पश्चात माननीय गणेश भदाडे सर के हाथों ध्वजारोहण किया गया और उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ग्रामसभा के सचिव अब शिक्षक-प्रधानाचार्य, शिक्षकों पर बढ़ा अशैक्षणिक कार्यों का बोझ



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र राज्य ग्रामपंचायत अधिकारी यूनियन द्वारा ग्रामपंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर 18 अगस्त 2026 से ग्रामसभाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया गया है।***

इसी निर्णय के बाद ग्रामसभाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के लिए अब जिला परिषद की शालाओं के मुख्याध्यापकों एवं सहायक शिक्षकों को ग्रामसभा के सचिव के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

महाराष्ट्र राज्य ग्रामपंचायत अधिकारी यूनियन, जिला शाखा गोंदिया की ओर से जारी पत्र क्रमांक 16, दिनांक 18 अगस्त 2026 के अनुसार यह निर्णय घेण्यात आला है। शिवरे, तहसील पारोळा में ग्रामसभा के दौरान ग्रामपंचायत अधिकारी पी.एन. पाटील पर हुए अमानवीय हमले में उनकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की घटना के विरोध में तथा ग्रामपंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रश्न पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए ग्रामसभाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया गया है।

ग्रामसभाएं निर्धारित तारीखों पर महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा 7 के अनुसार नियमित रूप से आयोजित हों, इसके लिए पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली ग्रामपंचायतों में जिला परिषद स्कूलों के मुख्याध्यापक अथवा सहायक शिक्षकों को ग्रामसभा सचिव के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसके चलते अब ग्रामपंचायत अधिकारियों के स्थान पर शिक्षक एवं मुख्याध्यापक ग्रामसभा का कामकाज संभालेंगे।

इस फैसले से शिक्षकों पर पहले से मौजूद गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ और बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में शिक्षक बीएलओ, एसआईआर, जनगणना, चुनाव सहित विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जा रहे हैं। अब ग्रामसभा सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने से शिक्षकों के शैक्षणिक कार्यों पर भी असर पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

शिक्षक समिति गोंदिया जिला अध्यक्ष संदीप तिडके ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही शिक्षकों पर बीएलओ, एसआईआर, जनगणना जैसे अनेक गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ है। ऐसे में ग्रामसभा के सचिव के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपना विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा सचिव के रूप में कार्य करते समय शिक्षकों की सुरक्षा का प्रश्न भी गंभीर है और संगठन इस निर्णय का तीव्र विरोध करेगा।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## घर के सामने से अज्ञात चोर ने उडाई एक्टिवा मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/8/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान सिंधी कॉलोनी मे फर्यादी प्रांशुल प्रकाश असावानी उम्र 27 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी ने अपने घर के सामने अपनी काले रंग की एक्टिवा क्रमांक एम एच 35 डी ए 7896 किमत 50 हजार रुपये की रखी थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 663/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा टेंभरे 596 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

## रेती चोर ट्रक्टर ट्रॉली सहित गिरफतार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/8/2026 को उमरी गाव मे आरोपी नितीन सुंकल मातरे उम्र 21 वर्ष निवासी मरारटोला ने अपने लाल रंग के ट्रॅक्टर और ट्राली बिना नंबर प्लेट की उसमे वैनगंगा नदीपात्र से रेती भरकर ले जा रहा था। फर्यादी ने उससे कागजपत्र पूछा तो उसके पास कोई पास परमिशन नही थी। वैनगंगा घाट से रेती चोरी करते वक्त पकड़ाने से ट्रक्टर ट्राली किमत 7 लाख रेती 6 हजार कुल 706000 रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 408/2026 धारा 305, ई भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच नापोशी मल्लेवार कर रहे है।

## अतिक्रमण मत कर बोलने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/8/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी किष्णा राधेशाम मडावी उम्र 55 वर्ष निवासी आमगाव ने पडोस मे रहने वाले तिनो आरोपी से कहा अतिक्रमण मत करो रोड पुरा बनने दो इस बात पर आरोपियो ने रोड पर गिराकर मारपीट करने से सर मे गंभीर चोट लगने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 538/ 2026 धारा 296,115,2,3,5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा उईके 795 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## तुम मेरे तरफ देख कर हंस रहे हो बोलकर चलाई लाठी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/8/2026 के दोपहर 12 बजे खैरलांजी रोड सलुन दुकान मे फर्यादी लोकेश मदनलाल प्रजापती उम्र 25 वर्ष निवासी पालडोंगरी और उसके दोस्त आपस मे बात कर रहे थे। जहा तिनो आरोपी ने आकर कहा तुम मेरे तरफ देखकर क्यो हस रहे हो बोलकर डंडे से मारपीट की फर्यादी को हाथ पैर मे गंभीर चोट लगने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 792/2026 धारा 109, 1, 115, 1, 352, 351, 2, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी दडस पाटील पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

# अदानी फाउंडेशन की पहल से 10 गांवों की 1,400 से अधिक महिलाओं की आंखों की जांच



## 1,042 महिलाओं को मुफ्त चश्मे वितरित..




जगप्रेरणा तिरोड़ा।

परिवार की दिन-रात देखभाल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की माताएं और बहनें अक्सर अपने स्वास्थ्य एवं आंखों की रोशनी पर ध्यान नहीं दे पातीं।

ऐसी महिलाओं के जीवन में नई रोशनी लाने के उद्देश्य से अदानी फाउंडेशन की ओर से एक सराहनीय पहल की गई। अदानी पावर लिमिटेड, तिरोड़ा के स्टेशन हेड श्री मयंक दोशी के मार्गदर्शन तथा अदानी फाउंडेशन प्रमुख श्री बिमूल पटेल के नेतृत्व में अदानी फाउंडेशन एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के 10 गांवों में महिलाओं के लिए विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविर को महिलाओं की ओर से उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिला।

## 10 गांवों की महिलाओं के लिए विशेष पहल..

यह नेत्र जांच शिविर चिरेखनी, काचेवानी, गराड़ा, खैरबोड़ी, बेरडीपार, चिखली, गुमाधावाड़ा, कवलेवाड़ा, चुरड़ी और मेंदीपुर इन 10 गांवों में आयोजित किए गए।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, आंखों से संबंधित समस्याओं का समय पर निदान करना तथा उन्हें स्पष्ट दृष्टि का लाभ देकर उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाना था। अभियान के दौरान 1,400 से अधिक महिलाओं की आंखों की जांच की गई, जबकि आवश्यकता वाली 1,042 महिलाओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। अदानी फाउंडेशन की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को काफी लाभ मिला है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप मे जोड़कर इसका लाभ हजारो लोगो तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप मे जोड़े और स्वयं और अन्य लोगो को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरो से जोड़े।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



हिन्दू धर्म संस्कृति के तहत मृत्यु संया पर बेल के पेड़ कि छाया पढ़ना चाहिए..उसी को ध्यान मे रखते हुए मोक्षधाम सेवा समिती सालेकसा के सदस्य द्वारा बेल का पेड़ लगाया गया।

छायाचित्रः राकेश रोकडे जग प्रेरणा प्रतिनिधी


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
12 गुरुवार 20 अगस्त 2026
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अस्टट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# जानकारी और सावधानी के साथ चलेंगे तो जीवन में कभी कोई कैंसर रोग किसी को हरा नही सकेगा.. - डॉ. विकास जैन

## बी. जे. हॉस्पिटल गोंदिया में ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन..

## महिलाओं एवं युवतियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ. विकास जैन के प्रतिनिधित्व में तथा वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेन्द्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में बी.जे. हॉस्पिटल गोंदिया में ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन 18 अगस्त को किया गया, जिसमें प्रमुख रुप से जिला माहिती अधिकारी अंजु कांबळे, डॉ. लता जैन एवं अनेक प्रबुद्ध महिलाएं*

उपस्थित थी। कार्यक्रम में डॉ. विकास जैन ने महिलाओं को तेजी से बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया, तथा ब्रेस्ट कैंसर रोग के होने के कारण तथा इसकी पहचान एवं इसके विभिन्न स्वरुपों की जानकारी देते हुए इससे बचने और समय पर उपचार एवं सर्जरी के संदर्भ में जानकारी प्रदान की, तथा कैंसर जागरुकता के लिये सभी को आगे आकर योगदान देने का आहवान भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लता जैन ने किया। इस जनजागरुकता कार्यक्रम में बी.जे. हॉस्पिटल के डॉ. निलेश जैन, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. जुली जैन, डॉ. आयुषी जैन, डॉ. विवेक जैन, डॉ. हर्षा कानतोड़े, श्रीमती भावना कदम, घोष मैडम, कु. पूजा तिवारी, दीप्ती मिश्रा, शर्मिला पॉल, श्रीमती मंजु कटरे, श्रीमती शालिनी, श्रीमती कंचन ठकरानी, श्रीमती अंजु जैन, श्रीमती स्वाती जैन, श्रीमती सोनल जैन, श्रीमती श्यामका, पुलिस विभाग की महिला भरोसा सेल, होम्योपैथी कॉलेज छात्राएं, बी.जे. हॉस्पिटल स्टाफ संहित लगभग 200 महिलाएं व युवतियां उपस्थित थे। कार्यक्रम का फेसबुक एवं यूट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया।

### बोले डॉ. विकास जैन.

आयोजित ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. विकास जैन ने कहा कि मूल रुप से किसी भी बिमारी से लड़ने के लिये हमें इस बात की जानकारी होनी चाहिये कि कौन सी बिमारी किन कारणों से होती है, और किस तरह से हम ऐसे असाध्य रोग को जन्म लेने से रोक सकते हैं। यदि फिर भी जब कैंसर जैसा असाध्य रोग किसी को हो जाता है तो फिर इस असाध्य रोग का पता लगाने के लिये हमें किन किन लक्षणों की ओर ध्यान देना चाहिये, तथा इस तरह की परिस्थिति में सबसे पहले अपने डॉ. से संपर्क कर जांच कर उपचार प्रारंभ करवाना चाहिये, ताकि बिमारी का पता जितनी जल्दी लगेगा उसका निदान करने में भी उतनी ही आसान भी होगी, यह जानकारी विस्तार से डॉ. विकास जैन उपस्थित महिलाओं को दी, तथा कहा कि आज के समय में कैंसर जैसा रोग जिस तीव्रता से बढ़ता चला जा रहा है, हम सभी को उसके प्रति जागरुक होकर सावधानी से उसका निदान करने के लिये तैयार रहना होगा, तभी हम कैंसर रोग को समूल नष्ट कर सकते हैं।

### सवालों के दिये गए जवाब..


आयोजित ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. विकास जैन एवं उनके साथ ही डॉ. लता जैन ने भी महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित विभिन्न सवालों एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया, तथा सभी को इस के लिये भी प्रेरित किया कि ना सिर्फ महिलाएं स्वयं जागरुक बनें, बल्कि यदि किसी अन्य महिला को भी ब्रेस्ट कैंसर की समस्या से जुझना पड़ता है तो उनकी आगे बढ़कर मदद करे, ताकि अतिशीघ्र कैंसर रोग से मरीज को मुक्त कराने में सफलता प्राप्त हो सके।

### दुनिया में सर्वाधिक ब्रेस्ट कैंसर के मामले भारत में..

**ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता दिवस के अवसर पर आयोजित इस ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. विकास जैन ने यह भी बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में दूनिया में भारत में सर्वाधिक ब्रेस्ट कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। भारत में आठ में से एक महिला में ब्रेस्ट कैंसर की संभावनाएं दिखाई देने लगी है, भारत में यूवा उम्र में 35 से 45 वर्ष की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर के केस अधिक बढ़ रहे हैं, इसलिये इस कैंसर को रोकने के लिये जागरुकता आवश्यक है। डॉ. विकास जैन ने कैंसर रोग को लेकर महिलाओं की शंकाओं का समाधान भी किया। डॉ. अवि जैन ने मेमोग्राफी के संदर्भ में जानकारीयां प्रदान की।**

# सांसद प्रफुल पटेल 20 और 21 अगस्त को गोंदिया भंडारा जिले के दौरे पर..

## कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों से करेंगे मुलाकात



जगप्रेरणा गोंदिया।

*पूर्व केन्द्रिय मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रफुल पटेल दो दिवसीय दौरे पर 20 एवं 21 अगस्त को भंडारा गोंदिया जिले में रहेंगे। इस दौरान वे भंडारा और गोंदिया में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित होकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से*

चर्चा और मुलाकात करेंगे। सांसद श्री पटेल के दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद प्रफुल पटेल 20 अगस्त 2026, गुरुवार को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक शासकीय विश्राम गृह, भंडारा में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा और मुलाकात करेंगे। वहीं 21 अगस्त 2026, शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रामनगर, गोंदिया स्थित निवास स्थान पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात और चर्चा के लिए उपस्थित रहेंगे। इस दौरान उनके साथ सांसद राजेंद्र जैन सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

# उद्योग एवं मराठी भाषा मंत्री डॉ. उदय सामंत 21 अगस्त को गोंदिया जिले के दौरे पर..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

राज्य के उद्योग एवं मराठी भाषा विभाग के मंत्री डॉ. उदय सामंत शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 को गोंदिया जिले के दौरे पर आ रहे हैं। उनके दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सामंत 21 अगस्त को नागपुर से कार द्वारा अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध के लिए रवाना होंगे।

सुबह 10 बजे नवेगांवबांध में 'पुस्तकों का गांव नवेगांवबांध' के उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह में उपस्थित रहेंगे। सुबह 11 बजे नवेगांवबांध से कार द्वारा गोंदिया के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में गोंदिया जिला उद्योग विभाग महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में गोंदिया जिले के उद्यमियों के साथ संवाद करेंगे। दोपहर 2 बजे पोवार बोर्डिंग, लक्ष्मीनगर, गोंदिया में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाम 4 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में मराठी भाषा विभाग की समीक्षा बैठक तथा साहित्यकारों के साथ संवाद करेंगे। शाम 5 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की जाएगी, जिसमें श्री सामंत पत्रकारों से रुबरु होंगे। इसके उपरांत शाम 6 बजे गोंदिया से कार द्वारा नागपुर के लिए रवाना होंगे।

# ये सिर्फ आजादी का जश्न नहीं, वीर शहीदों की शहादत को भी याद करने का पर्व - जिला ग्रन्थालय अधिकारी मीनाक्षी कांबले




**जगप्रेरणा गोंदिया।**


देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजाद लाइब्रेरी, गोंदिया में राष्ट्रीय ध्वज पूरे आन-बान और शान के साथ फहराया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम जिला ग्रंथालय अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी कांबले के हस्ते गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को मानवंदना देते हुए राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया और देश की एकता, अखंडता एवं गौरव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ध्वजारोहण के पश्चात स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण किया गया। उपस्थितजनों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक अभिवादन करते हुए उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी का पर्व केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले शहीदों के त्याग को याद करने और नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, जिम्मेदारी तथा कर्तव्यबोध की प्रेरणा देने का भी अवसर है। कार्यक्रम के दौरान आजाद लाइब्रेरी परिसर देशभक्ति के वातावरण से सराबोर नजर आया। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

इस अवसर पर लाइब्रेरी से जुड़े पाठकों, युवाओं और शहर के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में सहायक जिला ग्रंथालय अधिकारी अस्मिता मंडपे, आजाद लाइब्रेरी ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी जब्बार खान जिलानी, हाजी फारुख भाई कंडुरेवाला, मुस्लिम जमात के सदर खालिदभाई पठान, पूर्व पार्षद शकील मंसूरी, संस्था सचिव एवं पत्रकार जाहिद खान, शकिलभाई गुरुजी, प्रोफेसर हाजी सफिउल्ला खान, हुसैन शेख, अनवर खान, तालिब बेग, शकील जाजम, अय्यूब भाई, परवेज भाई, ग्रंथपाल श्रीमती रिजवाना शेख, अफजल कुरैशी, मोहसीन खान, सईम कुरैशी, सैय्यद जाकिर अली सहित बड़ी संख्या में लाइब्रेरी के पाठक, छात्र-छात्राएं और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आजाद लाइब्रेरी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन देश की तरक्की, शांति, एकता और अखंडता की कामना के साथ हुआ।

# सिद्धिविनायक कोचिंग के संचालक जलज सर के पिता खिलेन्द्रनाथ एड़े का दुखद निधन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले संहित समूचे मध्यभारत में अपनी श्रेष्ठ शिक्षा प्रणाली के लिये प्रसिद्ध सिद्धिविनायक कोचिंग के संचालक जलज एड़े के पिता खिलेन्द्रनाथ एड़े का 18 अगस्त की मध्य रात्रि में अचानक दुखद निधन हो गया।*

वे 72 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया था, जिससे कि उन्हें नागपुर के एक हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती किया गया था। डॉक्टर्स के प्रयास सफल भी हुए, और वे स्वस्थ्य होकर वापस घर लौटे, लेकिन अचानक पुनः उनका स्वास्थ्य खराब हुआ, और 18 अगस्त की रात्रि में उन्होंने अंतिम सांसे ली।

स्व. खिलेन्द्रनाथ एड़े अपने पीछे एक पुत्र एक पुत्री व नाती पोतों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 19 अगस्त को उनके निज निवास सरस्वतीबाई महिला विद्यालय के पीछे, पुना टोली से सुबह 11:00 बजे निकली, तथा स्थानीय पार्वतीघाट मोक्षधाम गोंदिया में उनके पार्थिव देह का शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिकगण एवं शिक्षा जगत के लोग उपस्थित थे।

# नागराधाम में श्रद्धालुओं के लिए शेड का निर्माण पूरा

## पर्यटन विकास के तहत सांसद प्रफुल पटेल के प्रयासों से 30 लाख की निधि से हुआ कार्य..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया तहसील के नागराधाम में प्राचीन काल से भगवान भोलेनाथ का प्रसिद्ध एवं जागृत शिव मंदिर स्थित है। इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल के विकास के लिए सांसद प्रफुल पटेल द्वारा लगातार प्रयास किए*

जा रहे हैं। इसी विकास श्रृंखला के तहत क्षेत्रीय पर्यटन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 30 लाख रुपये की निधि से नागरा पर्यटन स्थल पर भगवान भोलेनाथ मंदिर के सामने श्रद्धालुओं के लिए शेड का निर्माण किया गया है। इस शेड के निर्माण से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से राहत मिलेगी तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। नागराधाम धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद श्री प्रफुल पटेल के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही नागराधाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण साबित होगा।

# उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए युवा पत्रकार देवेंद्र रहांगडाले सम्मानित..



### पालकमंत्री इंद्रनील नाईक एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के हाथों हुआ सम्मान

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया की ओर से प्रतिवर्ष लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2026 में न्यूज चैनल रिपोर्टर के रुप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एबीपी माझा के गोंदिया जिला प्रतिनिधि देवेंद्र रहांगडाले का चयन किया गया।

गोंदिया में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मान्यवरों के हाथों उन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। देवेंद्र रहांगडाले मूल रूप से गोरेगांव तहसील के कमरगांव निवासी हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले रहांगडाले पिछले चार वर्षों से एबीपी माझा जैसे उच्चस्तरीय चैनल में रिपोर्टिंग कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आम नागरिकों के अधिकारों की आवाज बनकर अपनी खबरों के माध्यम से अनेक लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। उनके इस उल्लेखनीय कार्य की दखल लेते हुए श्रमिक पत्रकार संघ की ओर से उन्हें उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। देवेंद्र रहांगडाले के सम्मानित होने के बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com